26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 10 मार्च, 2026

अंक- 135 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# जंग से पाकिस्तान में हाहाकार

# तेल महंगा, स्कूल बंद

## मंत्रियों की सैलरी व विदेश दौरों पर रोक सरकारी दफ्तर हफ्ते में 4 दिन खुलेंगे कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम

**इस्लामाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बढ़ती तेल कीमतों को देखते हुए खर्चों में कटौती योजना का ऐलान किया है। इसके तहत सरकारी दफ्तर हफ्ते में सिर्फ चार दिन खुलेंगे और आधे कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। इस हफ्ते के अंत से स्कूल दो हफ्तों के लिए बंद रहेंगे। पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज के मुताबिक, मंत्रियों और सलाहकारों के विदेश दौरे रोक दिए गए हैं। मंत्री दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे और सांसदों की सैलरी में 25 प्रतिशत की कटौती होगी। वहीं, पाकिस्तान में अब दो महीने तक सरकारी गाड़ियों को 50 प्रतिशत कम ईंधन मिलेगा। 60 प्रतिशत सरकारी वाहन नहीं चलेंगे। सभी सरकारी विभाग अपने खर्च में 20 प्रतिशत कटौती करेंगे। शरीफ ने कहा कि अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमत 60 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गई है। इस वजह से यह निर्णय लिए गए हैं। पाकिस्तान ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।



पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है। कीमतों में बढ़ोतरी की खबर आने के बाद पाकिस्तान के बड़े शहरों जैसे लाहौर और कराची में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में कहीं तेल की किल्लत न हो जाए। उधर, बांग्लादेश सरकार को पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर लिमिट लागू करनी पड़ी है। ढाका सहित कई शहरों में पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी कतारें लगी हैं और लोग डर के कारण ज्यादा तेल खरीदकर जमा करने की कोशिश कर रहे हैं। जमाखोरी और अफवाहों को रोकने के लिए बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसी) ने सख्त नियम लागू किए हैं। अब बाइक के लिए दिन में सिर्फ 2 लीटर पेट्रोल ही मिलेगा।

## गैस किल्लत के चलते मुंबई के 20 प्रतिशत होटल बंद




**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)।** मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध का असर अब सीधे तौर पर भारत पर पड़ता नजर आ रहा है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में गैस सप्लाई की कमी होनी शुरू हो गई है। गैस होटलों की संघटना (एसोसिएशन) आहार ने बताया कि गैस सप्लाई की वजह से अब तक मुंबई के 20 प्रतिशत होटल बंद हो चुके हैं। एसोसिएशन का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले 2 दिनों में मुंबई के 50 प्रतिशत तक होटलों पर ताला लग सकता है। आहार की तरफ से अब तक होटल बंद रखने का कोई आधिकारिक फैसला नहीं लिया गया है। ये फैसला होटल मालिकों पर निर्भर करेगा कि वो अपना होटल शुरू रखते हैं या नहीं। मुंबई के अलावा चेन्नई होटल एसोसिएशन ने शहर में एलपीजी (LPG) सिलेंडरों की भारी कमी को लेकर गहरी चिंता जताई है। इस संकट के समाधान के लिए एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है।

## अब बातचीत संभव नहीं, मिसाइल अटैक जारी रखेंगे- ईरानी विदेश मंत्री



मिडिल ईस्ट जंग का आज 11वां दिन है। दोनों पक्षों के बीच लगातार हमले जारी हैं। अमेरिका और इजरायल लगातार ईरान के सैन्य अड्डों, मिसाइल लॉन्च साइट और कम्युनिकेशन नेटवर्क पर एयरस्ट्राइक कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान की नौसेना, वायुसेना और ड्रोन क्षमता को भारी नुकसान हुआ है और उसका सैन्य ढांचा काफी हद तक कमजोर पड़ चुका है। इजरायल, ईरान के तेल ठिकानों को लगातार निशाना बना रहा है। इन हमलों के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार पर असर को लेकर चिंता बढ़ गई है। दूसरी तरफ ईरान भी लगातार जवाबी हमले कर रहा है। ईरान ने इजरायल, अमेरिकी सैन्य ठिकानों और खाड़ी के कुछ देशों की ओर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। कुछ मिसाइलें खाड़ी देशों के तेल ठिकानों और अहम इंफ्रास्ट्रक्चर के पास भी गिरीं, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया और तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चली गईं। इस बीच अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध ने ग्लोबल टेंशन को बढ़ाया है और कच्चे तेल को लेकर दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। हमलों के बीच कतर, कुवैत और इराक जैसे बड़े तेल उत्पादक देशों ने प्रोडक्शन में कटौती का फैसला लेकर चिंता बढ़ाई, तो वहीं ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट डालने ये और भी बढ़ गई। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने तेल की किल्लत को रोकने के लिए बड़े संकेत दिए हैं और कहा है कि वे कुछ देशों पर लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ बातचीत की संभावनाओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कड़वे एक्सपीरियंस के बाद अमेरिका के साथ बातचीत फिर से शुरू करने की संभावना नहीं है। अराघची ने आगे कहा कि तीन दौर की बातचीत के बावजूद, जिसमें अमेरिकी टीम ने प्रगति स्वीकार की थी, वाशिंगटन ने बाद में ईरान पर हमले किए।

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ

(श्याम बाबा) के दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला

रम्मू का चौराहा, बिजनौर

मो. 9927652453

आम फसल बिकाऊ

आम फसल बिकाऊ है, जिसमें लगभग 200 पेड़ हैं, लंगड़ा, चौसा, दशहरी के जो नर फसल है। जो भी बाग ठेकेदार फसल लेने इच्छुक हों, कृपया इन नंबर पर संपर्क करें-

मो. 09756109161

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# उत्तर प्रदेश में अभी और लंबा खिंचेगा मंत्रिमंडल विस्तार

## बंगाल चुनाव के बाद ही संभव

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच फिलहाल इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियां तत्काल विस्तार के पक्ष में नज़र नहीं आ रही हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु सहित पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के बाद ही योगी सरकार मंत्रिमंडल विस्तार पर निर्णय ले सकती है। सूत्रों के मुताबिक इससे पहले बिहार में नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया भी पूरी होनी है। इसके बाद ही उत्तर प्रदेश में टीम योगी में बदलाव या विस्तार की संभावना जताई जा रही है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और संगठन इन राजनीतिक गतिविधियों में व्यस्त है, इसलिए मंत्रिमंडल विस्तार कुछ समय के लिए टल सकता है।



गौरतलब है कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से करीब छह महीने पहले 26 सितंबर 2021 को भी योगी सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार किया गया था। उस समय कुल सात मंत्रियों ने शपथ ली थी।

इनमें जितिन प्रसाद को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था, जबकि पलटू राम, संजय कुमार गोंड, संगीता बलवंत बिंद, धर्मवीर प्रजापति, दिनेश खटीक और छत्रपाल सिंह गंगवार को राज्य मंत्री बनाया गया था।

वर्तमान में मुख्यमंत्री सहित योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कुल 53 मंत्री शपथ ले चुके हैं। इनमें से कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद अब केंद्र सरकार में मंत्री बन चुके हैं, जबकि राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि लोकसभा सदस्य बन गए हैं। इस कारण मंत्रिमंडल में दो पद खाली हो गए हैं। विधायकों की संख्या के आधार पर उत्तर प्रदेश में अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। ऐसे में अभी भी मंत्रिमंडल में नौ पद रिक्त हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी चुनावी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेतृत्व इन पदों को भरने पर फैसला करेगा।

पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि मंत्रिमंडल का विस्तार बंगाल चुनाव के बाद ही होने की संभावना है। केंद्रीय नेतृत्व की व्यस्तता के चलते फिलहाल ऐसी स्थितियां बनती नहीं दिख रही हैं।

हालाकि पार्टी के कार्यकर्ताओं की नजर मंत्रिमंडल विस्तार पर लंबे समय से टिकी हुई है। कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी उत्सुकता से लंबे समय से इसका इंतेजार कर रहे हैं।

## शव को चूहे कुतरने को लेकर परिजनों ने किया हंगामा

मिर्जापुर ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर मंडलीय अस्पताल के शव गृह में रखे शव को चूहों द्वारा खाने पर परिजनों ने जमकर बबाल किया। घटना के बाद हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रशासन ने दोषी कर्मचारियों को जांच के बाद दंड दिया है। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि रविवार को शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के तरकापुर मोहल्ला निवासी आशुतोष माली 26 ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, उसका शव शवगृह में रखा गया था, वहां का फ्रीजर खराब था। शव को बाहर रखा गया था। उधर परिजनों ने बताया कि सोमवार को शव लेने आए थे। शव को चूहों ने खा लिया था। उनका कहना है कि उन्हें अस्पताल के कर्मियों ने बताया कि फ्रीजर खराब है। गर्मी को देखते हुए कर्मियों को दो हजार रुपए भी दिए गए। फिर भी लापरवाही की हद हो गई। अस्पताल में शव तक सुरक्षित नहीं है। घटना की सूचना पर अस्पताल में हड़कंप मच गया। तत्काल कर्मचारियों ने मामले को सम्हालने की कोशिश की पर परिजन नहीं माने। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन किशोर ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामला अतिसंवेदनशील है। जांच के आदेश दिए गए हैं। टीम गठित की जा रही है। दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे स्टेशन पर पानी बेचने वाले युवक की पीट-पीटकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

मुरादाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पानी बेचने वाले युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। राजकीय रेलवे पुलिस ( जीआरपी ) सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के पास एक खंडहरनुमा इमारत में आज सुबह एक युवक का लहूलुहान शव पड़ा मिला था। मृतक की पहचान सोनू कश्यप ( 27 वर्ष ) के रूप में हुई है, जो पिछले करीब 10 वर्षों से रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में पानी की बोतलें बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या इसे हत्या का मामला मानते हुए रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने आगे बताया कि घटना की सूचना मिलने पर संबंधित राजकीय रेलवे पुलिस ( जीआरपी ) की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। शव रेलवे स्टेशन परिसर में लाइन पार साइड, केजीके कॉलेज पुल के समीप वरिष्ठ खंड अभियंता ( रेल पथ ) दफ्तर के सामने एक जर्जर खंडहर में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने युवक को अचेत अवस्था में देखा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## क्रिकेट में डीआरएस का नया नाम धोनी, रोहित और सूर्यकुमार

नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। क्रिकेट में डीआरएस को डिसीजन रिव्यू सिस्टम के नाम से जाना जाता है, लेकिन भारत की अहमदाबाद में टी-20 विश्वकप जीत के बाद इसे अब नया नाम मिल गया है। डीआरएस को अब धोनी, रोहित और सूर्यकुमार के नाम से जाना जायेगा। एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्वकप जीता था, जबकि रोहित शर्मा ने 2024 में 17 साल बाद भारत को टी-20 विश्वकप चैंपियन बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 2026 में टी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर भारत को तीसरी ऐतिहासिक सफलता दिलाई। इस तरह डी फॉर धोनी, आर फॉर रोहित और एस फॉर सूर्यकुमार कुल मिलाकर डीआरएस बनता है। सांख्यिकीविद श्रीकांत पोद्दार ने बेंगलुरु से यह दिलचस्प जानकारी देते हुए बताया। भारत की जीत ने डीआरएस का नाम ही बदल दिया है। उन्होंने बताया कि भारत ने आठ मार्च को यह खिताब जीता है। मार्च साल का तीसरा महीना है भारत ने अपना पहला विश्वकप 1983 में जीता था। भारत की मौजूदा जीत में भी 83 का अंक आता है। क्रिकेट में डीआरएस का कोई आधिकारिक बदला हुआ नाम नहीं है, लेकिन प्रशंसकों और दिग्गजों द्वारा इसे अक्सर मजाकिया या व्यंग्यात्मक रूप से नये नाम दिये जाते हैं।



वन विभाग ने पकड़ी 10 कुंटल खैर की लकड़ी ( पेज 12 )



# पूर्व मंत्री ठाकुर यशपाल सिंह का लखनऊ में निधन



**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम आजमपुर निवासी पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर यशपाल सिंह का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र ठाकुर आयुष चौहान के अनुसार पूर्व राज्यमंत्री पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ होने के चलते लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती थे। आज सुबह करीब पांच बजे उपचार के दौरान उन्होंने अस्पताल में ही आखिरी सांस ली। उनका पार्थिव शरीर लखनऊ से शाम तक उनके पैतृक गांव आजमपुर पहुंचेगा। ठाकुर यशपाल 2007 में नूरपुर विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए तथा मायावती की सरकार में राज्यमंत्री बने। इससे पहले वह वर्षों तक गन्ना सोसायटी के चेयरमैन भी रहे। वह बहुत शालीन और गंभीर पृष्ठभूमि के व्यक्ति थे। उनकी सूझबूझ व सादगी के सभी कायल थे। चिंगारी परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

बीसवां रोजा : मंगलवार, 10 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:25, शिया 6:35
इक्कीसवां रोजा : बुधवार, 11 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:08, शिया-5:01

## शीतला माता मंदिर पर लगा बसोड़े का मेला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जाटान रोड स्थित मां चामुण्डा धाम से आगे शीतला माता के मंदिर पर आज बसोड़े का मेला आयोजित किया गया। मेले में आई महिला श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख शांति की कामना की तथा प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर लगी दुकानों पर महिलाओं व बच्चों की काफी भीड़ रही। बच्चों ने जहां खेल-खिलौनों की दुकानों पर जमकर खरीदारी की, वहीं महिलाओं व युवतियों ने चाट-पकौड़ी तथा अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों पर पहुंचकर चाट-पकौड़ी तथा मिठाइयों का खूब स्वाद लिया। मेले में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। मेले में महिलाओं की अपेक्षा पुरुष बहुत कम दिखाई दिये।



## सूचना

मेरे आधार नम्बर 332962437842 है, जिसमें मेरा नाम अनीस अहमद पुत्र भूरे अंकित है। मेरे पूर्व दस्तावेजों में मेरा नाम अनीस अहमद पुत्र भूरे उर्फ शफीक अंकित था, जबकि उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। अब मुझे अनीस अहमद पुत्र भूरे के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये। **-अनीस अहमद पुत्र भूरे ग्राम भागूवाला तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

## भारतीय शिक्षा बोर्ड की परीक्षायें शुरू



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सोमवार से भारतीय शिक्षा बोर्ड नोएडा की परीक्षायें भी शुरू हो गई हैं। जनपद बिजनौर में पहली बार इस बोर्ड की परीक्षायें आयोजित हो रही हैं। सोमवार को अकबराबाद स्थित परीक्षा केन्द्र पर हाईस्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित हुई। जनपद बिजनौर में भारतीय शिक्षा बोर्ड नोएडा से सम्बद्ध दो विद्यालय गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर तथा हरगोविंद रामगोपाल सरस्वती इंटर कॉलेज अकबराबाद हैं। सोमवार को उक्त बोर्ड की हाईस्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा का आयोजन परीक्षा केन्द्र हरगोविंद रामगोपाल सरस्वती इंटर कॉलेज अकबराबाद में हुआ। अंग्रेजी की परीक्षा एकदम व्यवस्थित ढंग से प्रशासन की निगरानी में आयोजित हुई। भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा चयनित केन्द्र व्यवस्थापक/ मॉर्डन एरा पब्लिक स्कूल मंडावर के प्रधानाचार्य डा. मदन सिंह रावत, डालचन्द पाल, गौरव कुमार वर्मा आदि ने परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई।




कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## राजनीति के खेल निराले

राजनीति में कब क्या हो जाये, कोई नहीं कह सकता। खासकर नीतीश कुमार जैसे पलटूराम के बारे में किसी भी प्रकार का कयास लगाना बहुत मुश्किल है। बिहार की राजनीति को छोड़कर उन्होंने राज्यसभा का रुख कर लिया, जबकि ऐसी कोई चर्चा कहीं नहीं थी। अब कयास लगाये जा रहे हैं कि पलटूराम जी ने ये पलटी क्यों मारी? इसकी जरूरत क्या थी? क्या उनकी भी कोई एपस्टिन फाइल अमित शाह जी के हाथ लग गई है या पटना के छात्रा हत्याकाण्ड में लाडले का नाम आ गया है? कुछ तो गड़बड़झाला है, वरना कौन बावला है जो इस तरह राजपाट छोड़कर राज्यसभा यानी राजनीति के वानप्रस्थ हो जाता है। बहरहाल, 'पलटना' एक कला है, और नीतीश बाबू इसके मुख्य कलाकार हैं। लेकिन इस बात की उम्मीद किसी को नहीं थी कि भाजपा ऐसा उलटा-पलटी करेगी कि पलटूराम जी को राजनीतिक मोक्ष की प्राप्ति हो जायेगी।

गठबंधन के दलों के साथ भाजपा की रीति-नीति भी बड़ी गजब है। वह जिसके सहारे राजनीति में ऊपर चढ़ती है, उसी को ऐसा धक्का देती है कि अस्तित्व बचाने के लाले पड़ जाते हैं। नीतीश जी को लगा था कि वे बिहार के 'इंजीनियर' हैं, पर वे भूल गए कि जिस 'सुशासन' के इंजन को वे बार-बार अदल-बदल कर रहे थे, उसका पेट्रोल ही भाजपा ने निकाल लिया है।

अमूमन किसी के पतन पर दुख होता है, पर नीतीश बाबू के मामले में तो नियति भी अट्टहास कर रही है। जिस आदमी ने अपने हर हमसफर की पीठ को पायदान की तरह इस्तेमाल किया हो, उसकी पीठ पर जब आज भाजपा का ठप्पा लगा है, तो विरोधियों के कलेजे को ठंडक मिलना स्वाभाविक है। हिन्दुस्तान के इतिहास में ऐसा राजनीतिक अध्याय पहली बार जुड़ा है, जब कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री के पद पर होते हुए राज्यसभा भेजा गया।

भाजपा और नीतीश बाबू की यह जोड़ी भी अजीब है। एक वो, जिसने 'नीति' के नाम पर अपनों को इस तरह काटा जैसे कोई कुशल दर्जी पुराने कपड़े से नया रुमाल निकाल लेता है। और दूसरी वो पार्टी, जो जिस घर में न्योता खाने जाती है, हाथ धोते-धोते उस घर की रजिस्ट्री अपने नाम करवा लेती है। भई वाह! राजनीति के खेल वाकई बड़े निराले हैं।

# केंद्र की राजनीति में नीतीश

# बिहार बेटे के हवाले!

**नीतीश ने फेसबुक पर लिखा कि संसदीय जीवन से ही राज्यसभा सदस्य बनने की इच्छा थी। उन्होंने बिहारवासियों को भरोसा दिलाया कि विकसित बिहार बनाने का संकल्प कायम रहेगा और नई सरकार को पूरा सहयोग देंगे। कई लोग इसे बीजेपी के दबाव की राजनीति का नतीजा बता रहे हैं। गठबंधन में भाजपा की संख्या अधिक होने से नया मुख्यमंत्री उनका हो सकता है।**



-अजय कुमार
मो.-9335566111

बिहार के लंबे समय से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा का रास्ता पकड़ लिया है। उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है, क्योंकि जनता दल यूनाइटेड के पास पर्याप्त विधायक संख्या है। इस फैसले ने पार्टी में भारी हलचल मचा दी है। कार्यकर्ता जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं और नितीश को ही मुख्यमंत्री बनाए रखने के नारे लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास के बाहर सैकड़ों समर्थक इकट्ठा हो गए और उन्होंने साफ कहा कि नीतीश के अलावा कोई स्वीकार्य नहीं। जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओं का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है। पटना में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया गया और हिलसा के विधायक को भी रोक लिया गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कुछ लोग साजिश रच रहे हैं। पार्टी नेता विजय चौधरी ने कहा कि राज्यसभा जाने का फैसला नीतीश का अपना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संयम बरतने की अपील की, लेकिन हलचल थमने का नाम नहीं ले रही। एक तरफ युवा कार्यकर्ता निशांत कुमार के प्रवेश का स्वागत कर रहे हैं, वहीं पुराने साथी नीतीश की विदाई से दुखी हैं। नीतीश ने फेसबुक पर लिखा कि संसदीय जीवन से ही राज्यसभा सदस्य बनने की इच्छा थी। उन्होंने बिहारवासियों को भरोसा दिलाया कि विकसित बिहार बनाने का संकल्प कायम रहेगा और नई सरकार को पूरा सहयोग देंगे। कई लोग इसे बीजेपी के दबाव की राजनीति का नतीजा बता रहे हैं। गठबंधन में भाजपा की संख्या अधिक होने से नया मुख्यमंत्री उनका हो सकता है। सम्राट चौधरी या नित्यानंद राय जैसे नाम चर्चा में हैं, लेकिन दूसरा पहलू परिवार को मजबूत करने का लगता है। नीतीश की उम्र सत्तर पार कर चुकी है और स्वास्थ्य समस्याएं लगातार घेरे रहती हैं। मेदांता अस्पताल में रूटीन चेकअप की ख़बरें आती रहती हैं। ऐसे में इंजीनियर बेटे निशांत को बिहार राजनीति में स्थापित करने की तैयारी है। पार्टी नेता श्रवण कुमार ने कहा कि युवाओं की मांग पर निशांत का प्रवेश तय हो गया। एक-दो दिन में घोषणा होगी। निशांत को डिप्टी मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा तेज है ताकि बिहार में जड़ें मजबूत हों। भाजपा नेता दिलीप जायसवाल ने भी नई पीढ़ी के प्रवेश का स्वागत किया। नीतीश के राज्यसभा जाने से बिहार की सियासत पूरी तरह बदल जाएगी। एनडीए में भाजपा का दबदबा बढ़ेगा और शायद पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बने। जेडीयू का प्रभाव कम होगा, लेकिन निशांत के नेतृत्व से नई ऊर्जा आएगी। विपक्षी दल जैसे राष्ट्रीय जनता दल को मौका मिलेगा। वे वंशवाद का आरोप लगाकर हमला बोलेंगे, क्योंकि नीतीश हमेशा वंशवाद के खिलाफ रहे। लेकिन युवा मतदाता निशांत को स्वीकार कर सकते हैं, क्योंकि वे शिक्षित और तकनीकी पृष्ठभूमि के हैं। केंद्र में नीतीश की भूमिका मजबूत होगी। वे सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों पर बोल सकेंगे। बिहार को केंद्र से अधिक फंड मिलने की संभावना बढ़ेगी, लेकिन राज्य में अस्थिरता आ सकती है अगर कार्यकर्ताओं का विरोध बढ़ा। नया मुख्यमंत्री चुनने की प्रक्रिया तेज होगी। भाजपा विधायक दल नेता सम्राट चौधरी मजबूत दावेदार हैं, जिनके पास वित्त और गृह जैसे विभाग हैं। विजय चौधरी भी दौड़ में हैं। निशांत डिप्टी बनकर संतुलन बनाए रखेंगे। यह बदलाव लंबी रणनीति का हिस्सा लगता है। नितीश राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रहेंगे, जबकि बिहार में नई पीढ़ी सत्ता संभालेगी। कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए पार्टी मंथन कर रही है। आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा कि बिहार की कुर्सी किसकी होगी।

# बड़ों का सम्मान, विनम्रता की पहचान



जब कोई भी व्यक्ति अपने से बड़े के चरण छूकर अथवा हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर उसका सम्मान करता है, तो बड़े व्यक्ति द्वारा बदले में उसे जो आशीर्वाद दिया जाता है, उसे पाकर सम्मान करने वाले व्यक्ति को जो प्रसन्नता होती है उससे अधिक उस व्यक्ति को होती है, जिसका सम्मान करते हैं। अपने माता-पिता, गुरुजन अथवा अपने से बड़े व्यक्ति से सम्मान के बदले जो आशीर्वाद प्राप्त होता है, उससे सम्मान करने वाले का मनोबल बढ़ता है। किसी के प्रति सम्मान प्रकट करके अथवा उसके चरण स्पर्श करने से कोई व्यति छोटा नहीं हो जाता, बल्कि समाज में उसका भी सम्मान होता है। लोग उसे प्रशंसा के भाव से देखते हैं। मनुष्य का भले किसी से कोई मतभेद हो, लेकिन यदि वह उससे बड़ा है, तो भी उसका सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है, क्योंकि यही भारतीय संस्कृति है। आजकल देखा जाता है कि यदि कोई व्यक्ति किसी ऊंचे पद पर पहुंच गया अथवा उच्च शिक्षित हो गया, तो वह अपने से बड़ों के चरण छूना तो दूर, उनके समक्ष हाथ जोड़ना भी अपनी तौहीन समझता है, जबकि किसी का सम्मान करने के पीछे मनुष्य की मूल भावना जितनी पवित्र होगी, उसका उतना ही अधिक प्रतिफल उसे बड़े व्यक्तियों से आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होगा। हम अपने से बड़ों का प्यार, दुलार व आशीर्वाद, अपनी नम्रता, विनयशीलता के द्वारा ही प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही यह भी निश्चित है कि बड़ों के द्वारा दिया गया आशीर्वाद कभी न कभी अवश्य ही फलीभूत होगा। इसलिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों में अपने से बड़ों का सम्मान करने की भावना उत्पन्न करें।



**सुरेन्द्र कुमार कपूर**
कपूर कोल डिपो नई बस्ती, बिजनौर

# बहुत महत्वपूर्ण है जनगणना कार्य, गंभीरता अनिवार्य : डीएम




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय जनगणना 2027 के कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए जिला स्तरीय जनगणना समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स का चयन और उनकी नियुक्ति की जा चुकी है, जबकि सीएमएमएस पोर्टल पर जिला एवं चार्ज के लिए यूजर आईडी बनाने का कार्य तथा फील्ड ट्रेनर्स का चयन एवं नियुक्ति का काम भी पूर्ण हो चुका है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के लिए निर्धारित की गई टाइमलाइन के अनुसार सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 एक राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पहली बार पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से संपन्न किया जाना है। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना-2027 के लिए समय से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा एवं कुणाल रस्तौगी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान
की दिली मुबारकबाद
विवेक सेन

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
बीसवां रोजा : मंगलवार, 10 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:25, शिया 6:35
इक्कीसवां रोजा : बुधवार, 11 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:08, शिया-5:01


# मेधावी छात्र शिवम मलिक ने पहले ही प्रयास में हासिल की बड़ी कामयाबी, बने चार्टर्ड अकाउंटेंट


शिवम मलिक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपनी कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प का परिचय देते हुए नई बस्ती, बिजनौर निवासी शिवम मलिक ने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक, CA (चार्टर्ड अकाउंटेंसी) की परीक्षा को अपने पहले ही प्रयास में पास कर लिया है। शिवम की इस शानदार सफलता से उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

शिवम की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उनके पिता श्री हेमेंद्र कुमार और माता श्रीमती मंजू देवी ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि शिवम बचपन से ही अपनी पढ़ाई के प्रति समर्पित रहे हैं और उनकी इस सफलता के पीछे उनकी दिन-रात की मेहनत और माता-पिता का आशीर्वाद है। शिवम ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास को दिया है। अब एक प्रोफेशनल चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में वह देश की वित्तीय सेवाओं में अपना योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# वर्धमान कॉलेज में रोवर्स रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में कार्यरत रोवर्स-रेंजर्स इकाई रेंजर्स क्रू प्रथम वीरांगना (प्रभारी लीडर डा. चेतना शाक्य), रेंजर्स दवितीय प्रज्ञा (प्रभारी लीडर टीना अग्रवाल) तथा रोवर्स क्रू प्रथम ओजस्वी (प्रभारी लीडर आयुष बघेल), रोवर्स क्रू द्वितीय संकल्प (प्रभारी लीड डॉ. कुलदीप कुमार) इकाई का परिचय कराया गया। साथ ही रोवर्स एवं रेंजर्स के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम चरित्र एवं श्रेष्ठ नागरिक निर्माण के लिए किस प्रकार सहायक है तथा राष्ट्र निर्माण की आधारशिला के रूप में मुख्य योगदान देते हैं। मुख्य प्रशिक्षण कर्ताओं यथा रितु रानी ने बताया कि चरित्र निर्माण के साथ-साथ शिविर प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र किस प्रकार जीवन में उपयोगी है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने इस अवसर पर टीम लीडर्स एवं प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं एवं छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर रीतिक, टीना अग्रवाल, डा. कुलदीप कुमार, आयुष बघेल, डा. चेतना शाक्य, नकुल, प्रमोद आदि लोग उपस्थित रहे।

# नन्हे-मुन्नों को भावपूर्ण विदाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** किड्स केयर प्ले स्कूल में विदाई समारोह बहुत धूमधाम से आयोजित किया गया, जिसमें सभी बच्चों व उनके मम्मी-पापा ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि निशा सिंघल, प्रीति अग्रवाल व कल्पना त्यागी ने सभी बच्चों को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रधानाचार्या श्रीमती ममता गुप्ता ने बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में टॉप 10 बच्चे चुने गये, जिनमें आदविक, आश्वी, गर्व, जपजोत, कियान्श, माही, नित्या, राघवान, सिया, अविजोत, गुंजन, जन्नत, शिवांशी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# रोटरी क्लब लगायेगा रक्तदान शिविर

**हल्दौर ( चिंगारी )।** आगामी 12 मार्च को रोटरी क्लब हल्दौर के सौजन्य से पुरुषोत्तम नर्सिंग होम हल्दौर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष नवीन कुमार एडने बताया कि 12 मार्च दिन वृहस्पतिवार को धूलिया महादेव मंदिर के सामने स्थित पुरुषोत्तम नर्सिंग होम हल्दौर पर सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से रक्तदान महादान में अपनी सहभागिता करने की अपील की है।

# मानदेय नहीं मिला, प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ब्लॉक जलीलपुर के रोजगार सेवकों ने ईपीएफ व जुलाई 2025 से अभी तक भी मानदेय का भुगतान न होने पर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम खंड विकास अधिकारी जलीलपुर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने कहा है कि वे विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए लक्ष्य की पूर्ति हेतु अपना पूर्ण योगदान देते हैं, लेकिन उसके बाद भी उन्हें काफी समय से ईपीएफ तथा 25 जुलाई 2025 से मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है, जिसके कारण उन्हें अपने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में दीपावली व होली सहित अनेक त्यौहार निकाल चुके हैं, लेकिन उन्हें त्यौहारों पर भी मानदेय का भुगतान नहीं किया गया था। ज्ञापन देने वालों में इंतजार अहमद, देवेन्द्र कुमार, ब्रजपाल सिंह, शरद शर्मा, योगेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, रविन्द्र पाल, अनुप कुमार, ऊषा रानी, कविता रानी, श्रवण चन्द्र, मुनिपाल सिंह, राजपाल सिंह, संजीव कुमार, पूजा रानी, कमलेश देवी, दीपा कुमारी, नीरज देवी, जाली शर्मा, मुकेश कुमार, रीना देवी, अफरोज जहां, अनीता, कपिल कुमार, अमरजीत गौतम, सतीश कुमार, इमरान खान, मुस्तकीम अहमद, भूपेन्द्र सिंह, सत्यपाल सिंह, प्रदीप कुमार, कल्पना तोमर, फारुक अली, पारुल, मोनू आदि शामिल रहे।

# महिलाओं का सशक्त होना ज़रूरी : शिवानी चौहान

## एसबीडी के रासेयो शिविर में एसआई का आह्वान



**धामपुर ( चिंगारी )।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय, धामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'नारी शक्ति-विकास की आधारशिला' थीम निर्धारित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपनिरीक्षक (एस.आई.) शिवानी चौहान थाना धामपुर को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपनिरीक्षक शिवानी चौहान द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। स्वयंसेविकाओं ने भाषण, कविता, पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। उपस्थित कांस्टेबल हिना खान ने स्वयंसेविकाओं को 'सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश' से संबंधित पैम्फलेट्स वितरित कर, उनसे ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने को कहा। तत्पश्चात उपनिरीक्षक शिवानी चौहान ने कहा कि आज के समय में महिलाओं का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता के माध्यम से महिलाएँ अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं तथा समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने किया। तत्पश्चात शिक्षिका प्रियंका जैन व स्वयं सेविकाओं द्वारा पुलिस उपनिरीक्षक शिवानी को उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया।

द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने टोलियां बनाकर ग्राम में जाकर ग्रामीण महिलाओं से संपर्क किया। उन्हें पैम्फलेट एवं चार्ट के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा महिलाओं के अधिकारों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं को विभिन्न सहायक मोबाइल हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई तथा आवश्यकता पड़ने पर इन नंबरों के माध्यम से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर को सफल बनाने में अर्जुन, मनोज, रोहित, श्रीमती संतोष का सराहनीय सहयोग रहा।




## नाज़िम अंसारी ने अपने आवास पर कराया रोज़ा इफ़्तार


रोजा इफ्तार में शामिल रोजेदारों ने देश में अमन-शांति और खुशहाली के लिए दुआएं की।

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला नई सराय स्थित मोहम्मद नाजिम अंसारी के आवास पर रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। उन्नीसवें रोज़े की इफ्तार पर शाम को सभी रोजेदारों ने एक साथ दस्तरख्वान पर बैठे कर अपना रोजा खोला। रोजा खोलने से पहले रोजेदारों ने दोनों हाथ उठाकर अल्लाह से देश में अमन-चैन, खुशहाली, सलामती और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआएं की। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। रमजान के पाक महीने में मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर पांचों वक्त की नमाज और तरावीह की नमाज अदा करते हैं। रोजा इफ्तार में शकील अहमद, मोहम्मद इरशाद, अफ़जाल अहमद, जमालुद्दीन, निहाल अहमद, अनीस अहमद, रहीस अहमद, मोहम्मद शाद, शहजाद आलम, नौशाद अली आदि ने भाग लिया।





रोजा इफ्तार में शामिल रोजेदार।

## नगर कांग्रेस कमेटी ने कराया रोज़ा अफ़्तार

**धामपुर ( चिंगारी )।** कांग्रेस महासचिव (ओबीसी) वसीम अब्बासी के आवास पर नगर कांग्रेस कमेटी धामपुर द्वारा रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समाज सेवियो ने हिस्सा लिया ओर देश और दुनिया में अमनो खैर की अल्लाह से दुआ की। देश में हर तरफ तरक्की ओर खुशहाली की कामना की। रोजा इफ्तार में डॉ नदीम नज़ाकत खॉ (धामपुर नगर अध्यक्ष), वसीम अब्बासी (जिला महा सचिव पिछड़ा वर्ग) राजेन्द्र चौहान, नसीम फरीदी, डॉ. चंदन, वसीम रज़ा (नगर उपाध्यक्ष), महराज सिद्दीकी प्रदेश (सचिव व्यपार प्रति कोष्ट), दिलशाद अंसारी, मोज़ सलीम, काशिफ, वरिष्ठ पत्रकार शाकिर अंसारी आदि शामिल रहे।

## हंगामा लोक ने महिलाओं को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समिति की संरक्षक निर्मला कौशिक, संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक-उपासना कौशिक द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका आरम्भ संस्था की संरक्षक डॉ. रश्मि रावल द्वारा शारदे माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि रावल, अंशु दीक्षित, गरिमा छाबड़ा आदि को संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, निर्मला कौशिक, शशिबाला शर्मा द्वारा सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। राखी उपासना ने बताया कि डॉ. रश्मि रावल आरएसएम महाविद्यालय की प्रधानाचार्या हैं व भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री है। अंशु रानी दीक्षित एक शिक्षिका व ब्लॉक उपाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक संघ, नहटौर हैं और गरिमा छाबड़ा एसबीडी महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की पूर्व शिक्षिका है। ये तीनों ही समाज सेविका है। इसलिए समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है।


हंगामा लोक समिति द्वारा किया गया महिलाओं का सम्मान।

# अवैध शस्त्र बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश
# पुलिस ने गिरफ्तार किये 8 बदमाश



**बिजनौर (चिंगारी)।** नगीना में अस्पताल संचालक राजकुमार की तमंचे से गोली मारकर हत्या किये जाने के बाद पुलिस ने अवैध शस्त्र निर्माण और तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस के अनुसार उसने गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से बड़ी संख्या में अवैध पिस्टल, तमंचे, कारतूस तथा हथियार बनाने के उपकरण बरामद हुये हैं।

सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी देहात प्रकाश कुमार ने बताया कि थाना नगीना क्षेत्र में 5 मार्च को शिवालय हेल्थ केयर सेंटर के संचालक राजकुमार की हत्या के मामले में गिरफ्तार शूटर छोटू उर्फ विकास से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि उसने हत्या में प्रयुक्त तमंचा धामपुर थाना क्षेत्र के गांव मधी निवासी आर्यन उर्फ राजन से लिया था। इस जानकारी के बाद पुलिस ने अवैध हथियारों की आपूर्ति को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत थाना नूरपुर, धामपुर और स्योहारा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए राजन से मिली जानकारी के आधार पर गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अमरोहा जनपद के नौगावां सादात निवासी अमीरुद्दीन उर्फ आरिफ अपने घर में अवैध हथियार बनाने और उनकी मरम्मत का काम करता था, वह अपने भरोसेमंद लोगों के माध्यम से बिजनौर और आसपास के जिलों में इन हथियारों की सप्लाई करता था।

पुलिस के अनुसार आरिफ हथियार बेचने के लिए नूरपुर क्षेत्र में आया था, जहां नूरपुर पुलिस ने फतियाबाद रोड स्थित सेंट मैरी स्कूल के पास दबिश देकर उसे और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरिफ के साथ ललित कुमार निवासी तंगरौला और सीवांत निवासी हसुपुरा हरकिशनपुर को गिरफ्तार किया, उनके पास से दो-दो अवैध तमंचे बरामद हुए। वहीं अमीरुद्दीन उर्फ आरिफ के पास से तीन अवैध तमंचे 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए।

एएसपी ने बताया कि धामपुर पुलिस ने विनीत कुमार निवासी जैतरा को एक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। शमीम उर्फ माइकल उर्फ मुन्ना निवासी उमरी कलां (मुरादाबाद) के पास से एक अवैध पिस्टल, दो तमंचे और कारतूस बरामद किए गए। स्योहारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महमूदपुर फाटक के पास एक निर्माणाधीन कमरे से नबील, शादमान और जुल्फिकार को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पांच अवैध पिस्टल बरामद हुए। पुलिस के अनुसार पकड़े गए गिरोह के आठ सदस्यों से छह अवैध पिस्टल 32 बोर, 11 अवैध तमंचे 315 और 12 बोर, कई जिंदा कारतूस और हथियार बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं।

## कई जिलों में करते थे हथियारों की सप्लाई

**पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आरिफ अपने सहयोगियों के जरिए बिजनौर समेत आसपास के जिलों में हथियार सप्लाई करता था। पिस्टल करीब 30 से 40 हजार रुपये में और तमंचे तीन से पांच हजार रुपये में बेचे जाते थे। पुलिस के अनुसार आरिफ पहले भी दो बार जेल जा चुका है। वह लंबे समय से इस धंधे में सक्रिय था।**

## कई और की तलाश जारी

एएसपी देहात प्रकाश कुमार ने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। मुरादाबाद के छजलैट क्षेत्र के एक डॉक्टर को भी पिस्टल बेचने की बात सामने आई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें प्रयास कर रही हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर
बीसवां रोजा : मंगलवार, 10 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:25, शिया 6:35
इक्कीसवां रोजा : बुधवार, 11 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:08, शिया-5:01

# मनरेगा कर्मियों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते मनरेगा कर्मी।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** बीते 9 माह से मानदेय व ईपीएफ भुगतान न होने से आर्थिक संकट झेल रहे मनरेगाकर्मियों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। कासमपुर गढ़ी स्थित खंड विकास कार्यालय अफजलगढ़ पहुंचकर मनरेगाकर्मियों ने बीडीओ मनवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि उन्हें जुलाई 2025 से मानदेय व ईपीएफ का भुगतान नहीं हो पाया है, जिससे वह परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में अत्याधिक परेशानी झेल रहे हैं। विभागीय जिम्मेदारियों के साथ-साथ एसआईआर आदि अनेक अन्य जिम्मेदारियों को लक्ष्य के अनुरूप निभाने के बावजूद मानदेय व ईपीएफ भुगतान न होना उनके साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। इस मौके पर बृजेश कुमार, जयवीर सिंह, मुकेश कुमार, मनीष रावत, सत्यवीर सिंह, फिरोज अहमद, राजेंद्र सिंह व पुनीत कुमार आदि मनरेगा कर्मी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर घायल

**चांदपुर (चिंगारी)।** आज सुबह ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। युवक की मौत की खबर से उसके घर में कोहराम मच गया।


मृतक सनी का फाइल फोटो

आज सुबह बिजनौर के मुहल्ला जाटान मेरठ चुंगी निवासी सनी (22 वर्ष) पुत्र राधे व आशु (21) वर्ष पुत्र मनीराम मोटरसाइकिल से धनौरा क्षेत्र से शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर जा रहे थे। चांदपुर में देवी मंदिर के नजदीक सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली की मोटरसाइकिल से टक्कर हो जाने से मोटरसाइकिल सवार सनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी आशू गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल आशु को उपचार के लिए सीएचसी, स्याऊ भिजवाया तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिजनौर में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर सोमवार को प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए लगभग एक दर्जन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई एसडीएम सदर रीतू रानी व तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना के नेतृत्व में राजस्व व विनियमित क्षेत्र की टीम ने संयुक्त रूप से की। एसडीएम सदर रितु रानी के अनुसार सोमवार को बिजनौर के शाहबाजपुर रवाना व फतेहपुर नौआबाद क्षेत्र में बिना लेआउट पास कराए विकसित की गई अवैध कॉलोनियों को चिन्हित कर ध्वस्त किया गया। कस्बा बिजनौर के गाटा संख्या 3291 व 3292 में अभिलेखानुसार शाहजाद पुत्र यूसुफ, शमशाद अहमद पुत्र मो. शमीम आदि के नाम दर्ज भूमि पर बिना लेआउट स्वीकृति के बनाई गई अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया। गाटा संख्या 3196 व 3197 में इरशाद अहमद, मो. खालिद, मो. तालिब, मो. आबिद, मो. आदिल व श्रीमती महबूबा के नाम दर्ज भूमि पर विकसित अवैध कॉलोनियों को भी ध्वस्त किया गया। इसके अलावा ग्राम शहबाजपुर रवाना के गाटा संख्या 109 में मो. इरशाद अहमद पुत्र इस्लामुद्दीन आदि के नाम दर्ज भूमि पर बनाई गई अवैध कॉलोनी पर भी बुलडोजर चलाया गया। ग्राम फतेहपुर नौआबाद में गाटा संख्या 282, 276, 278, 280, 281, 211, 212, 217, 218 तथा अन्य कई गाटा संख्याओं पर बिना लेआउट पास कराए विकसित की गई अवैध कॉलोनियों को भी प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता श्याम बाबू सिंह, राजस्व निरीक्षक नरेश चौहान तथा लेखपाल रजत चौधरी, प्रीतम सिंह, ऋषभ सिंह, उपेंद्र सिंह, राहुल राणा, आशीष अहलावत, आसिफ, अनुज तोमर व रविकांत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना लेआउट पास कराए विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



# समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाना है- सीएम धामी

**नैनीताल/गैरसैण (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प GYAN मॉडल के माध्यम से राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाना है। इस मॉडल में गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी सशक्तिकरण को विकास के चार प्रमुख स्तंभ के रूप में रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उत्तराखंड को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी दृष्टि से बजट में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।



## गरीब कल्याण पर विशेष ध्यान

गरीब वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कई योजनाओं में बजट बढ़ाया गया है। अन्नपूर्ति योजना के लिए 1300 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 298.35 करोड़ और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए 56.12 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के आवास के लिए 25 करोड़, परिवहन निगम की बसों में निर्धारित श्रेणी के यात्रियों को नि:शुल्क यात्रा सुविधा के लिए 42 करोड़ तथा रसोई गैस पर अनुदान के लिए 43.03 करोड़ रखे गए हैं।

साथ ही दिव्यांग, तीलू रौतेली और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए 167.05 करोड़ तथा आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास

प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी कई योजनाओं को मजबूती दी गई है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लिए 60 करोड़, पलायन रोकथाम योजना के लिए 10 करोड़ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के लिए 62.29 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा गैर सरकारी महाविद्यालयों को सहायता के लिए 155.38 करोड़, शिक्षा मित्रों के मानदेय के लिए 10 करोड़ तथा मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना के लिए 10 करोड़ निर्धारित किए गए हैं।

## किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कई योजनाओं को बजट में शामिल किया गया है। ट्राउट प्रोत्साहन योजना के लिए 39.90 करोड़, मिशन एप्पल के लिए 42 करोड़, दुग्ध उत्पादकों के प्रोत्साहन के लिए 32 करोड़ तथा दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के लिए 42.50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए 160.13 करोड़, मिलेट मिशन के लिए 12 करोड़ तथा किसान पेंशन योजना के लिए 12.06 करोड़ भी निर्धारित किए गए हैं।

## महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता

महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार ने विशेष प्रावधान किए हैं। नंदा गौरा योजना के लिए 220 करोड़, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लिए 47.78 करोड़ और मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के लिए 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना, महिला पोषण योजना, आंचल अमृत योजना और स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण जैसी योजनाओं के लिए भी बजट रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान मॉडल के माध्यम से गरीबों के उत्थान, युवाओं के सशक्तिकरण, किसानों की समृद्धि और महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी तथा उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

एक विचार

# आइये! इस युद्धकाल में अपना राष्ट्रीय धर्म निभायें

-सत्यराज



राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समय-समय प्रकृति अथवा मानव जनित युद्ध जैसी आपदाएं आती रही हैं और आगे भी आती रहेंगी। ऐसी विपदाओं का सामना सरकारें तो करती ही हैं, लेकिन क्या हम लोगों को भी सरकार के प्रयासों में सहयोग नहीं करना चाहिए, यह हमारा राष्ट्रीय धर्म और नागरिक दायित्व होना चाहिए।

उदाहरण से समझ सकते हैं कि जैसे 11 मार्च 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने चीन से कथित रूप से फैले कोरोना वायरस को वैश्विक महामारी घोषित किया था। दुनिया के सैकड़ों देशों ने अपनी-अपनी क्षमताओं के अनुसार बीमारी का सामना भी किया। सबको याद होगा हम भारतीयों ने भी कोरोना काल का सामना करके अपने राष्ट्रीय धर्म का निर्वहन किया था। 5 मई 2023 को WHO ने कोविड-19 से मुक्ति की घोषणा की थी। अब इस संदर्भ को वर्तमान में लेते हैं। बीते 11 दिन से ईरान के साथ इसराइल और अमेरिका युद्ध के चलते तेल और गैस की किल्लत होने लगी है, तो साथियों संकट की इस मानव जनित समस्या का सामना सरकारों के साथ, हमें भी करना चाहिए। केवल सरकार पर छोड़ देना, हमारी प्रगतिशील सोच को नहीं दर्शाता। वर्तमान सरकारों से आपके वैचारिक अथवा राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन राज्य और देश हमारा है। युद्ध आज है, कल समाप्त भी होगा। जरूरत है हम सब मिलकर धैर्य के साथ सरकारी प्रयासों का समर्थन करें, विशेष कर लोगों में बेचैनी न फैलाएं। तेल, गैस की कीमतें अथवा महंगाई बढ़ती हो, तो जमाखोरी करने से बचें। सरकार दावा कर रही है कि आज पर्याप्त है, लेकिन कल कम भी हो सकते हैं, सो जरूरत है कि अधिक गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल न खरीदें। समस्याओं का मिल-जुलकर सामना करना भी राष्ट्रीय धर्म की परिभाषा में आता है। यह भी सत्य है कि जनशक्ति से सरकारें बनती हैं तो जनशक्ति से सरकारें और देश चलते भी हैं। याद रखें इस समय दुनिया में ऐसे दो बड़े युद्ध चल रहे हैं, जिसके दुष्परिणाम हमारी अर्थव्यवस्था और सामान्य दिनचर्या पर पढ़ना स्वाभाविक है, आइए सामूहिक शक्ति से इनका सामना करें।

# नैनीताल में सजेंगी कहानियों की कश्तियां

## 13 से 15 मार्च तक नैनीताल में होने जा रहा है लिटरेचर फेस्टिवल 2026

**नैनीताल (चिंगारी)।** नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल अपने दूसरे संस्करण के साथ एक बार फिर सरोवर नगरी नैनीताल में साहित्य, कला और विचारों का उत्सव लेकर लौट रहा है। पिछले वर्ष आयोजित पहले संस्करण की उल्लेखनीय सफलता और व्यापक सराहना के बाद, 'सेलिंग विद स्टोरीज़' टैगलाइन के साथ यह उत्सव 13 से 15 मार्च 2026 तक कांस्या रिसॉर्ट बाय माउंटेन मैजिक,चारखेत में आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल लेखनी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसके संस्थापक और निदेशक अमिताभ सिंह बघेल हैं, जो जिंदल लिटरेचर फेस्टिवल के निदेशक और कोशाला लिटरेचर फेस्टिवल के संस्थापक और पूर्व निदेशक भी हैं।



इस उत्सव के मार्गदर्शक प्रसिद्द लेखक, विचारक और फूड क्रिटिक प्रो. पुष्पेश पंत हैं, जिनके दिशा-निर्देशन से यह आयोजन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लेखकों, कलाकारों और चिंतकों को एक मंच पर लाता है। इस उत्सव को साकार करने में फेस्टिवल सलाहकार अपर्णा काण्डा और अंशु खन्ना के निरंतर सहयोग के साथ-साथ फेस्टिवल समन्वयक स्वाति दिग्विजय बोरा और लेखनी फाउंडेशन की ट्रस्टी पयस्विनी सिंह के सतत प्रयासों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। आयोजकों के साथ समन्वय बनाते हुए एक युवा और समर्पित टीम भी इस फेस्टिवल को सफल बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह उत्सव नि:शुल्क और समावेशी है, जिसके केंद्र में किताबें हैं और जहां जाने-माने लेखक, विविध भाषाएं तथा सिनेमा, संगीत, खाद्य और कार्यशालाओं जैसी विभिन्न विधाएं एक साथ उपस्थित होंगी। साहित्य, संस्कृति और कला के इस समागम में वैश्विक दृष्टिकोण और स्थानीय संस्कृति का जीवंत आदान-प्रदान दिखाई देगा। जहां एक तरफ़ विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी विद्वान इस उत्सव में हिस्सा लेंगे, वहीं दूसरी तरफ़ नयी पीढ़ी के कलाकार और इन्फ्लुएंसर्स युवा नज़रिया सामने रखेंगे। इस फेस्टिवल को सभी के लिए नि:शुल्क रखा गया, जिससे ज्ञान, विचार और संवाद को किसी एक तबके तक सीमित न रखकर समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया जा सकेगा। फेस्टिवल में फूड और क्राफ्ट स्टॉल भी होंगे, जो दर्शकों के अनुभव को व्यापक और विविध रूप देंगे।

# खेल प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ स्कूल प्रबंधक एम. अकरम खान एडवोकेट ने गुब्बारे उड़ाकर किया। खेल प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में गोविंद सिंह कुशवाहा, निशु पाल, नजर परवीन रहे। 100 मीटर दौड़ में बालक मोहम्मद अफसान प्रथम, मोहम्मद अयान द्वितीय, मोहम्मद जावेद तृतीय स्थान पर रहे। बालिकाओं में अरीबा प्रथम, इसरा परवीन द्वितीय, शिफा परवीन तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में सूफियान प्रथम, शहरान द्वितीय, रियान तृतीय रहा। बालिकाओं में आफिया प्रथम, जोया परवीन द्वितीय, आलिया परवीन तृतीय रही। कुर्सी दौड़ में बालक मोहम्मद अयान प्रथम, मौहम्मद अजीम द्वितीय, जतिन चहल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं में हनी प्रथम, अरीबा परवीन द्वितीय, आफिया परवीन तृतीय रही। लम्बीकूद में बालक मौहम्मद अफसान प्रथम, मोहम्मद अयान द्वितीय, मोहम्मद असद तृतीय रहे। लम्बीकूद में बालिकाएं आलिया प्रथम, जोया परवीन द्वितीय, शिफा तृतीय रहे। गोला फेंक में बालक सुफियान प्रथम, फैज हुसैन द्वितीय, मौहम्मद शाहरान तृतीय रहे। बालिकाओं में अरीबा परवीन प्रथम, आफिया परवीन द्वितीय, आलिया परवीन तृतीय रहे। लंगडी दौड़ बालक में मौहम्मद जुबैर प्रथम, मौहम्मद फैज द्वितीय, मौहम्मद अयान तृतीय रहे। बालिकाएं में आलिया परवीन प्रथम, फरहा नाज द्वितीय, आफिया परवीन तृतीय रही। चम्मच दौड़ में बालक मोहम्मद जुबैर प्रथम, अयान द्वितीय, अजीम तृतीय रहा। बालिकाओं में आफिया परवीन प्रथम, आलिया परवीन द्वितीय, शिफा तृतीय रही। बालिकाएं में मेंढक दौड़ में इसरा परवीन प्रथम, स्थान हमारा द्वितीय, नमीरा तृतीय रही। मेंढक दौड़ में बालक हम्माद प्रथम, आरव कुमार द्वितीय, रियान तृतीय रहे। विजय छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधक एम. अकरम खान एड. ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए।

# रासेयो छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान के अन्तर्गत आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित डॉ. सविता वर्मा व डॉ. भावना अरोड़ा ने छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने के लाभ बताते हुए कहा कि सड़क पर बढती दुर्घटनाओं के पीछे नियमों की अनदेखी व ओवरस्पीड बहुत बड़ा कारण है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पूनम अग्रवाल के दिशा निर्देशन में स्वयं सेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के दौरान छात्राओं ने ग्रामवासियों को सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्तियों के लिए सरकार द्वारा बनाये गये नये कानून के विषय में बताया। इस कानून के अनुसार पीड़ित व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा 25000 रूपये का इनाम दिया जाता है। साथ ही पुलिस द्वारा को गयी पूछताछ से भी मुक्त रखा जाता है। इसके अतिरिक्त अस्पताल भी उस पर विभिन्न औपचारिकता पूरी करने का दबाव भी नहीं बना सकता। आज शिविर में सड़क सुरक्षा जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कु0 शहरीन परवीन, आकांक्षा, योग्यता, उनैजा, भावना, अतिका, आशी, सानिया आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ0 केसी मठपाल ने सभी छात्राओं को सदैव अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया।



सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकालती छात्राएं।

# दुआ फाउंडेशन ने इफ्तार कराकर दिया हिन्दू-मुस्लिम एकता का पैगाम

नजीबाबाद (चिंगारी)। दुआ फाउंडेशन के बैनर तले सोमवार की शाम नगर के पालोमल कॉलोनी स्थित हाजी शमीम कुरैशी के आवास पर हुए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन कर हिंदू-मुस्लिम एकता का पैगाम दिया गया। इफ्तार में जनप्रतिनिधि, अधिवक्ताओ पत्रकारों, व्यापारियों के साथ विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने एक साथ रोजा इफ्तार कर देश में अमन-चैन, खुशहाली व तरक्की की दुआ मांगी। इस अवसर पर आयोजक हाजी शमीम कुरैशी ने कहा कि पवित्र रमजान का महीना इंसानियत, भाईचारे व आपसी सहयोग का संदेश देता है। ऐसे कार्यक्रम समाज में हिन्दू-मुस्लिम एकता को मजबूत करने के साथ लोगों के बीच प्रेम व सौहार्द को बढ़ाने का कार्य करते हैं। लोगों ने दुआ फाउंडेशन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी मेल-मिलाप व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते है। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कसीम अहमद एड., व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जमील अंसारी, समाजसेवी आसिफ मुत्तकी, महबूब कुरैशी, डॉ. मकसूद चौधरी, बिजनौर के पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, हाजी मोहम्मद फैसल, नफीस कुरैशी एड., वसीम अहमद एड., इब्राहिम कुरैशी एडत्र, इंतेजार अहमद एड., नसीम आलम एड., इकबाल चौधरी एड., आजम एडवोकेट, हाजी इस्लाम कुरैशी, सभासद मौ. अच्छन राईन, खुर्शीद कुरैशी, हाजी खुर्शीद कुरैशी शरीफ अहमद, मंसूर ठेकेदार, हाजी इनाम, हाजी जब्बार, सलीम कुरैशी एंबुलेंस वाले, यूनुस चौधरी, मोहम्मद इस्लाम चौधरी, हाजी सलाम कुरैशी, जीशान मुल्तानी, शाहिद मलिक, सत्तार कुरैशी, सभासद मौ. अली बाबू, शराफत हुसैन आदि ने शिरकत की।


सामूहिक इफ्तार में शामिल लोग दुआ मांगते हुए।

# मदीना मस्जिद में किया गया सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम राहूखेड़ी कोरा राजारामपुर आजाद चौक के पास मदीना मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मदीना मस्जिद में हर साल की तरह इस साल भी मौहल्ला आजाद नगर के लोगों ने इफ्तार पार्टी कराई। इफ्तार में सैकड़ो लोगों ने शिरकत की। मौहल्ला आजाद नगर के लोगों ने इफ्तार में आए रोजेदारों का दिल से स्वागत किया। इफ्तार पार्टी में सड़क से गुजर रहे राहगीर जो वक्त पर अपने घर नहीं पहुंच पाए व ग्राम राजारामपुर व आजादनगर के लोगों ने रोजा इफ्तार किया। इस रोजा इफ्तार पार्टी में शाहिद मुल्तानी, वसीम अहमद, आकिफ हुसैन अक्की, मकबूल रिजवी, आदिल राजपूत, इरशाद, तलमीश अहमद, फुरकान खान, समीर, सलमान, कारी सनव्वर व अन्य काफी लोगों का सहयोग रहा।


आजाद नगर स्थित मस्जिद में सामूहिक रोजा इफ्तार करते लोग।

# सरस्वती विद्या मंदिर में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के साहू छजमल दास राम रक्षपाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मजीदगंज में महिला दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य हर प्रसाद शर्मा रहे। उन्होंने राष्ट्र समाज के लिए महिलाओं के योगदान को बताया व रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, सावित्रीबाई फुले, अहिल्याबाई होलकर का उदाहरण देते हुए समाज में उनके योगदान को सराहा। साथ ही भैया बहनों को बताया कि यह सब हमारी बहनों के लिए प्रेरणा की स्रोत हैं। इनसे प्रेरणा लेकर हम आगे बढ़ सकते हैं व समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों को समूल नष्ट कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य केशव देव शर्मा ने जीजाबाई एवं नीरा आर्य के ऊपर प्रकाश डालते हुए बताया की किस प्रकार विषम परिस्थितियों में धैर्य रखते हुए राष्ट्र की सेवा की जा सकती है। साथ ही विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत श्रीमती प्रियंका शर्मा, कुमुद शर्मा, दीपा सिंह, दीपाली, नूतन, गौरी सभी बहनों को सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण।



# महिलायें तन से, मन से स्वस्थ रहें - डॉ. मंजूनाथ

## सेल्फ डिफेंस तकनीक एवं अपराध जागरूकता कार्यशाला

**हल्द्वानी ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विशेष अवसर पर डॉ. मंजूनाथ टी.सी. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के निर्देशन में हल्द्वानी कोतवाली स्थित मीटिंग हॉल में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु एक दिवसीय 'सैल्फ डिफेंस तकनीक एवं अपराध जागरूकता कार्यशाला' का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं को शरीर से फिट रहते हुए मानसिक स्वस्थता पर जोर दिया।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्वकर्ता अग्रणी योगदान देने वाली प्रेरणादायक महिलाओं को नमन किया गया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार एवं एनयूजे की प्रदेश अध्यक्ष दया जोशी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।


वरिष्ठ पत्रकार दया जोशी को सम्मानित करते हुए एसएसपी डॉ. मंजूनाथ व अन्य पुलिस अधिकारी।

कार्यक्रम में महिला अपराधों से संबंधित नए कानूनी प्रावधानों पर आधारित जागरूकता हेतु डिजिटल पोस्टर का अनावरण किया गया। कार्यशाला में एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट ताइक्वांडो कोच रीतिका जोशी एवं महिला हेल्पलाइन प्रभारी सुनीता कुंवर द्वारा महिलाओं को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर एसएसपी नैनीताल ने महिला पुलिस कर्मियों को "Physically Fit और Mentally Hit" बनने का आह्वान करते हुए कहा कि महिला पुलिस कर्मी अपनी योग्यता से समाज में जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करें। उन्होंने सम्बंधित थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा या मारपीट को केवल घरेलू हिंसा तक सीमित न रखकर, तत्काल संबंधित धाराओं में कठोर अभियोग दर्ज करें। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरक महिलाओं को सम्मानित किया गया जिसमें चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. नंदिता (नेत्र सर्जन), पार्षदगण, पत्रकारिता जगत की महिलाओं और महिला पुलिस कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उपनिरीक्षक कुमकुम धनिक द्वारा किया गया।

# अवैध अस्पताल बंद करने की तैयारी, 11 को नोटिस किये जारी

**नगीना ( चिंगारी )।** स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा निजी अस्पतालों के खिलाफ सोमवार को चलाए गए अभियान में 11 अस्पताल संचालकों को नोटिस थमाए गए। निरीक्षण के दौरान एक अस्पताल बंद पाया गया, जबकि अधिकतर अस्पतालों में पंजीकृत चिकित्सक मौजूद नहीं मिले। नोडल अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आठ अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन निरस्त किए जाने के संस्तुति की है।

रविवार को नगीना एसडीएम विजय शंकर ने सीएमओ बिजनौर से नगीना में पंजीकृत निजी अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराने के साथ-साथ सभी निजी अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाए जाने का अनुरोध किया था। सोमवार की सुबह स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नगीना तहसील के नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रमोद देशवाल व नायब तहसीलदार अजब सिंह व श्याम सुंदर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम ने नगर में 12 निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। डॉ. प्रमोद देशवाल ने बताया कि अधिकता निजी अस्पतालों में बोर्ड पर अंकित चिकित्सकों के नाम वाले चिकित्सक अस्पताल में मौजूद नहीं मिले, जबकि एक अस्पताल बंद पाया गया। उनका कहना है कि सभी अस्पताल संचालकों को नोटिस दे दिए गए हैं, जिन्हें दो दिन के भीतर अपना जवाब उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने बताया कि तीन अस्पतालों को छोड़कर जब तक अधिकृत चिकित्सक अपनी ओपीडी का समय व 24 घंटे ऑन कॉल का शपथ पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध नहीं कराते तब तक शेष सभी अस्पतालों को निलंबित या रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की संस्तुति की जाती है। उन्होंने कहा कि समय अवधि के बाद अस्पतालों के सील करने की कार्रवाई भी प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि नगीना में 28 निजी अस्पताल पंजीकृत हैं, बिना पंजीकरण के अवैध तौर पर चल रहे अस्पतालों के खिलाफ भी चैकिंग अभियान जारी रहेगा।


नगीना में निजी अस्पतालों का निरीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की टीम।

# किसान सभा ने दिया 6 सूत्रीय ज्ञापन

## आलू को समर्थन मूल्य के दायरे में लाने की मांग की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय किसान सभा बिजनौर द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया, जिसमें 6 सूत्रीय मांगें शामिल हैं। किसान सभा के जिलाध्यक्ष तुलाराम एवं जिला सचिव फरीद अहमद के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि सरकार ने किसानों की आय दो गुनी करने का वादा किया था, जबकि आलू उत्पादक किसानों को लागत का आधा ही वापस हुआ है। ऐसी स्थिति में आलू उत्पादक किसान आत्महत्या करने को मजबूर होगा। अन्य फसलों के समर्थन मूल्यों की भांति आलू को भी समर्थन मूल्य के दायरे में लाकर फसल तैयार होने पर सरकार द्वारा खरीदारी की व्यवस्था करने की मांग की गई। इसके अलावा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को अक्षरशः लागू करने, शुगर मिल मालिकों द्वारा अपने कृषि फार्म में प्रयोग कर अच्छी श्रेणी का गन्ना बीज तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराने, सहकारी समितियों ने गत वर्ष 7 प्रतिशत ब्याज लिया था, जिसे घटाकर पुनः 3 प्रतिशत किया था, लेकिन किसानों के खाते में अभी तक 4 प्रतिशत वापस नहीं आया है, उसे तुरंत खातों में वापस करने, किसान की आयु 60 वर्ष होने पर 10 हजार रूपये माह पेंशन दिये जाने तथा जिले में तय बाजारी के नाम पर छोटे दुकानदारों से होने वाली लूट को समाप्त करने की मांगें शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में अमर सिंह सैनी, करन सिंह, बदरूल हसन, महीपाल, विरेन्द्र सिंह, मलखान सिंह भी शामिल रहे।

# स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं को किया सम्मानित

**धामपुर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत सोमवार को पालिका द्वारा नगर क्षेत्र धामपुर के लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में स्वच्छ सारथी क्लब के कक्षा ग्यारहवीं एवं कक्षा नौवीं की छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत कार्य किये जाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की अध्यापिकाओं को भी प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विकास कुमार लोहारा, सफाई निरीक्षक नितिन अग्रवाल, सफाई लिपिक मनोज कुमार प्रभाकर आदि उपस्थित रहे।

# बारात में आये युवकों में हुई मारपीट, एक घायल


झगड़े में घायल युवक।

**धामपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव हरियाना में आई बारात में शामिल युवाओं के बीच हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। पीड़ित ने धामपुर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना बढ़ापुर के गांव टांडा सिक्कावाला से एक युवक की बारात धामपुर थाना क्षेत्र के गांव हरियाना में आई थी। बारात में गजेंद्र सिंह पुत्र राम सिंह अपने गांव के अन्य युवकों के साथ आया था। गजेंद्र सिंह का आरोप है कि बारात में आए टांडा सिक्कावाला के ही कुछ युवक उसे जाति सूचक शब्द कह कर गाली-गलौच करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और कान में गंभीर चोट आई है। इसके बावजूद आरोपियो ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। विवाद बढ़ता देख बारातियों ने मामला शांत कराया, जिसके बाद मारपीट करने वाले धमकी देकर मौके से चले गए। गजेंद्र सिंह ने थाना धामपुर में तहरीर देकर एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उधर, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# लाखों की ठगी के मुख्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दे रही दबिश

**धामपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर पेट्रोल पंप स्वामी के पुत्र से लाखों की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे नामजद यूट्यूबर अदनान खान एवं भाकियू भानु गुट के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद कैफ मलिक की गिरफ्तारी के लिए दबिश देनी शुरू कर दी है। जबकि इस मामले में पुलिस ने शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान किया था। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ठगे गए 103 ग्राम सोने के आभूषण भी बरामद किये थे।

सीओ अभय कुमार पांडे और कोतवाल मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि सुहागपुर निवासी ताजुद्दीन अंसारी अधिवक्ता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनके पुत्र उबैदुर रहमान उर्फ चांद की इंस्टाग्राम पर एक यूट्यूबर अदनान खान से दोस्ती हो गई थी। अदनान खान ने उनके पुत्र की फेक आईडी बनाकर उनके परिवार के फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। इस दौरान आईडी को बंद कराने के लिए उनके पुत्र ने नई सराय नई बस्ती निवासी इशरत अली के पुत्र किसान नेता कैफ मलिक और गांव सुहागपुर निवासी ई- रिक्शा चालक आसिफ अंसारी से मदद मांगी, लेकिन इन इंस्टाग्राम आईडी को आड़ मैं उससे ठगी कर ली गई इस मामले में पुलिस की ओर से आरोपी आसिफ और जाहिद दोनों का शनिवार को चालान किया जा चुका है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि इस मामले में यूट्यूबर अदनान खान का पुलिस पता निकालने का प्रयास कर रही है जबकि नई सराय नई बस्ती निवासी कैफ मलिक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश दी।

उधर, भाकियू भानु गुट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौहान ने बताया कि कैफ मलिक का संगठन से कोई लेना देना नहीं है। उसकी सदस्यता को निरस्त कर संगठन से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

# शेरकोट के व्यक्ति की सऊदी अरब में हार्ट अटैक से मौत

शेरकोट ( चिंगारी )। शेरकोट निवासी व्यक्ति की सऊदी अरब में हार्ट अटैक से मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया और मुहल्ले में शोक की लहर दौड़ गयी।

जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला कोटरा निवासी इंतखाब अहमद ( 48 वर्ष ) पुत्र इंतजार अहमद रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गए थे। बताया जाता है कि वह वहां जुबैल शहर की किसी कम्पनी में स्टोर कीपर का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि रविवार की रात अचानक इंतखाब अहमद की तबीयत खराब होने पर साथ रहने वाले उनके साथियों द्वारा उन्हें दम्माम स्थित अस्पताल में भर्ती



कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इंतखाब अहमद के साथियों द्वारा सोमवार की दोपहर इस बात की सूचना परिजनों को फोन पर दी गई, जिससे उनमें कोहराम मच गया और उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मृतक के तीन पुत्रियां हैं। मौत का पता लगने के बाद से इंतखाब अहमद की पत्नी और पुत्रियों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई रिजवान अहमद ने बताया कि सऊदी अरब में काम करने वाले उनके कुछ रिश्तेदार दम्माम स्थित अस्पताल के लिए रवाना हो गए हैं। कम्पनी के अधिकारियों से बात होने के बाद शव को घर मंगाने या वहीं पर सुपुर्द ए खाक कराने का फैसला लिया जाएगा।

# 'हम' संस्था ने कराई सामूहिक रोज़ा इफ्तारी



शेरकोट ( चिंगारी )। नगर की सामाजिक संस्था 'हम' वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित की सामूहिक रोज़ा इफ्तार में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर अमन-चैन खुशहाली की दुआ कराई गई।

रविवार की शाम मुहल्ला इमामबाड़ा स्थित पुरानी जामा मस्जिद में कराए गए सामूहिक रोज़ा इफ़्तार कार्यक्रम में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने शिरकत की और एक दस्तरखान पर रोज़ा इफ्तार कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इफ्तार से पहले अमन-चैन, खुशहाली के लिए दुआ कराई गई। कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का संस्था अध्यक्ष मौ. शादाब, नदीम इदरीसी, डॉ. सोहराब, नबील अहमद, मौ. रागिब आदि पदाधिकारियों ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सोसाइटी समय-समय पर समाजहित में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। उन्होंने कहा कि रमज़ान का महीना इबादत, आपसी भाईचारे, इंसानियत और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। इसी भावना के तहत इफ्तार का आयोजन किया गया, ताकि समाज में एकता का संदेश जाए। इफ्तार में फुरकान महमूद अंसारी, मास्टर शमीम अहमद, पूर्व चेयरमैन असलम कुरैशी, शेख शुऐब, विसाल अहमद एड., पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अंसार अहमद, मनोज शर्मा, डॉ. नईम अहमद, मौ. आसिम, सपा अदनान राईन, गुफरान राजा, सुहैल इदरीसी, इमरान नवाज़, मौ. सुलेमान, मौ. अरमान, मौ. कैफ, अयान, अब्दुल मुत्तलिब, मौ. आरिफ आदि शामिल हुए।

# सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन एक दिन मिल ही जाती है!

हमारी छात्रा चंद्रवाहिनी ने यूपीएससी में 662वीं रैंक लेकर बिजनौर, माता-पिता व शिक्षकों का नाम रोशन किया। चंद्रवाहिनी नर्सरी से 12वीं तक ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा रही। मेरे लिये यह गर्व की बात है कि मैं चंद्रवाहिनी का प्रधानाचार्य रहा और यह सिद्ध किया की मेहनत के आगे कोई लक्ष्य बड़ा नहीं होता। मेरे छात्र-छात्राएं ही मेरा गौरव हैं जो मुझे भी प्रेरित करते हैं कि उनके साथ मेहनत व्यर्थ नहीं जाती। बहुत से छात्र-छात्राएं एसडीएम,डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, एयरफोर्स, नेवी, प्राइवेट सेक्टर में बहुत अच्छे पदों पर कार्य कर रहे हैं, उनसे बात करके उनसे मिलकर बहुत अच्छा लगता है। जो बच्चे अपने अभिभावकों व शिक्षकों के मार्गदर्शन पर चलते हैं हमेशा सफलता प्राप्त करते हैं। वे माता-पिता,



समाज, देश का नाम रोशन करते हैं। यही सबसे बड़ी उपलब्धि एक शिक्षक की होती है। चंद्रवाहिनी ने एक बात कही कि अगर मैं कर सकती हूं तो कोई भी कर सकता है। यह बात सही है, लेकिन लगातार प्रयास से ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। अंत में मैं एक बात कहूंगा कि छात्रों को अपने लक्ष्य का पता रहना चाहिए कि हमें जीवन में क्या करना है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत तो करनी पड़ेगी। लक्ष्य बड़ा होगा तो मेहनत भी बड़ी होगी। अभिभावकों से यही कहना है कि बच्चों को समझते हुए उन्हें प्रेरित करें। सफलता एक दिन जरूर मिलेगी।

**-इंद्रपाल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल नहटौर**

# यूजीसी के बहाने देश के सवर्णो से राड़

## सरकार करा रही सनातन जातियों में दो फाड़

करणी सेना ने केन्द्र सरकार के काले कानून यूजीसी के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में 8 मार्च को प्रदर्शन की अनुमति ली थी, परन्तु प्रदर्शन के चंद घंटे पहले अनुमति निरस्त कर दी गई। देश के कौने-कौने से करणी सेना और सवर्ण समाज के लोगों को दिल्ली जाने से रोकने के लिये गिरफ्तार कर लिया गया। करणी सेना के बड़े पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। कुछ पदाधिकारियों की गिरफ्तारी कर ली गयी।




ऐसे में सवर्ण समाज गृहमंत्री अमित शाह से पूछता है कि क्या यूजीसी के नये नियम की मांग किसी दलित समाज, आदिवासी समाज के किसी संगठन ने की थी? अगर नहीं की थी तो केन्द्र में बैठे लोग क्या सनातन की जातियों में बाटने का काम कर रहे हैं? एक तरफ योगी जी कहते हैं कि हिन्दू जातियों में बंटेगा तो कटेगा, एक रहेगा तो सेफ रहेगा, दूसरी ओर सनातन को बांटने की कोशिश योगी जी की पार्टी के ही लोग कर रहे हैं।

क्या इसके पीछे कोई षड्यंत्र है? मुस्लिम समाज में भी शेख, सैयद, पठान जाति भी सवर्ण समाज में आती हैं। सनातन की ठाकुर राजपूत, वैश्य, ब्राह्मण, जाट, सिक्ख, भूमिहार, खत्री, त्यागी, जैसी दर्जनों जातियां हैं, जो देश की लगभग सभी लोकसभा सीटों को प्रभावित कर किसी भी नेता का प्रधानमंत्री बनने का सपना चकनाचूर करने का दम रखती हैं। अखण्ड भारत का सपना दिखाने वाले सनातन की जातियों को खण्ड-खण्ड करने को यूजीसी कानून प्रयोग कर रहे हैं। लगता है सपा, कांग्रेस, औवैसी, कम्युनिस्टों ने सत्ताधारियो को सवर्ण समाज पर जुल्म करके सत्ता हस्तांतरण करने की सुपारी ले रखी है। मेरी केन्द्र सरकार से माग है कि यूजीसी कानून को पूर्ण रूप से वापस लो और देश के सवर्ण समाज को देश में समानता से जीने का अधिकार दो। हमारे पूर्वजों ने भारत को अपने खून से सींचा है। सवर्ण समाज का सनातन की किसी भी जाति से भेदभाव नहीं है। हम सब मिलकर देश को अखण्ड भारत बनाने का सपना साकार कर सकते हैं।

**-वीरेन्द्र कुमार राजपूत, पूर्व जिला मंत्री**
**महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा**
**मो. 9410600136**

# क्या था दोष सवर्णो का जो...

दो हजार वर्षों तक भी ये, लागू रहे बता बैठे
क्या था दोष सवर्णो का जो, यूजीसी को ला बैठे
स्कूलो में भीड़ भरे हम, जब पढ़ने को जाते थे
जातिगत कोई भेद नहीं था, सब मिल खाते गाते थे
लड़ना भिड़ना भी लड़को में, कभी-कभी हो जाता था
पर आरोप न जात पात का, कोई कभी लगाता था
बिन सोचे तुम एक की गर्दन, एक के हाथ थमा बैठे
क्या था दोष सवर्णो का जो, यूजीसी को ला बैठे
आरक्षण से भला हुआ क्या, क्या कोई बतलाएगा
एक दस पीढ़ी से लेता एक, का नम्बर कब आएगा
दस वर्षो का था आरक्षण, वर्ष पिछत्तर बीत गये
ऊंचा तबका एक ही कब तक, मिलकर मौज मनाएगा
नीचे वालों का जो हक था, ऊंचे वाले खा बैठे
क्या था दोष सवर्णो का जो, यूजीसी को ला बैठे
जिनसे कुछ न चाहा हमने, जिनको पाला पोसा था
देश धर्म सुदृढ़ करने को, जिन पर किया भरोसा था
लेकिन ये तो पहलो से भी, घातक रूप दिखाए हैं
हिन्दू हिन्दू कहते कहते, सब हिन्दू बिखराए हैं
न मुस्लिम अंग्रेज किये जो, अब ये आग लगा बैठे
क्या था दोष सवर्णो का जो, यूजीसी को ला बैठे

**-राजकुमार वर्मा, धामपुर**

# वन विभाग ने पकड़ी, 10 कुंटल खैर की लकड़ी



लालबाग से बरामद खैर की लकड़ियों के साथ वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** वन विभाग ने खेत से छापामारी करते हुए खैर की लकड़ी बरामद करने की बात कही है। बरामद लकड़ियों का वजन लगभग दस कुंतल और अनुमानित कीमत एक लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज की वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने कॉर्बेट नेशनल पार्क उत्तराखंड और अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज की सीमा पर स्थित रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम लालबाग के एक खेत से प्रतिबंधित लकड़ी पकड़े जाने का दावा किया। वन रेंज अधिकारी अंकिता किशोर ने वन दरोगा रवि सागर, वन रक्षक कु. स्वाति, सहायक मोहम्मद आरिफ, नैन सिंह और दिनेश कुमार के साथ खेत पर छापा मारते हुए खैर की लकड़ी के गट्ठे बरामद किये। रेंज अधिकारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि बरामद लकड़ी खैर प्रजाति की है। परमजीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह के खिलाफ मुकदमा लिखा जा रहा है, जिसके खेत में लकड़ी मिली है। यह लकड़ी कहां से लाई गई और इसमें कौन-कौन शामिल हैं, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

# हर क्षेत्र में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान - मरियम



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन किरतपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की अध्यक्ष श्रीमती मरियम साईम ने नारी सम्मान और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद साईम राजा ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना बहुत आवश्यक है, ताकि वे अपने जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले सकें और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. फारेहा ईरम द्वारा किया गया। वहीं कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती नीति सिरोही ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और समाज के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री रुपेश त्यागी, श्रीमती शेबी शाकिर, श्रीमती कुकन देवी, कु. सोनी परवीन और श्रीमती सुमैया खान का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अरूबा, मंतशा, असमा, नाज़मीन, अनुशा, मनीशा, जोली, शगुफी सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

# साढ़े तेरह माह बाद एसपी के आदेश पर दर्ज की बाइक चोरी की रिपोर्ट

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने एसपी के आदेश पर करीब साढ़े तेरह माह बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र चांदपुर के गांव खैरपुर निवासी राशु कुमार ने एसपी अभिषेक झा को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि करीब साढ़े तेरह माह पूर्व नूरपुर-चांदपुर रोड स्थित एक अस्पताल के सामने से उसकी बाइक चोरी हो गई थी। पीड़ित ने उस समय बाइक चोरी की घटना के सम्बंध में पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप है कि पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। पीड़ित का कहना है कि गत 15 दिसम्बर 2024 को उसकी बाइक का एक चालान हुआ था, जिसका भुगतान 12 दिसम्बर 2025 को ऑनलाइन किया गया, जबकि दूसरे चालान का भुगतान 21 फ़रवरी 2025 को ऑनलाइन किया गया। बाइक चोरी की घटना के बाद से दो बार बाइक का चालान भुगतान किया गया। पुलिस ने एसपी के आदेश पर करीब साढ़े तेरह माह बाद अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया।

# भाकियू की पंचायत में किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग



एडीओ सलीम अहमद को ज्ञापन सौंपते यूनियन के नेता।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत सहकारी गन्ना समिति परिसर में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता छत्रपाल सिंह ने व संचालन ऋषिपाल सिंह ने किया। पंचायत को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि किसानों की बिजली,गन्ना, खाद या किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसको लिखकर लायें, ताकि अधिकारियों को लिखित रूप में समस्याओं से अवगत कराया जा सके। पंचायत में गांव बीरबलपुर में रास्ते के बीच में खड़े बिजली की पोल को हटाने, ग्राम शादपुर गुलाल में बंदरों व आवारा पशुओं से निजात दिलाने, ग्राम हुकूमतपुर में बिजली के पोल को हटाने व ब्लॉक क्षेत्र के गांवों को आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाने व मच्छरों की दवाई का छिड़काव कराने, ग्राम टंडेरा में बिजली के नये कनेक्शनों के बिलों को दुरुस्त करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं में चल रही मुंहपका बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण करने की मांग की गई। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, शीशपाल सिंह, समरपाल यादव, दुष्यंत यादव, लोकेश कुमार, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, अशफ़ाक खान, डॉ. इशरत अली वारसी, कल्याण सिंह, पीयूष कुमार, मास्टर रोहताश सिंह, विनीत धनकड़, हरवीर सिंह, अशोक कुमार, गौतम सिंह समेत दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# पत्रकार असरारुल हक़ की वालिदा का इंतेकाल, सबको हुआ मलाल

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पत्रकार असरारुल हक की माता का निधन हो गया, जिससे पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ी। नूरपुर क्षेत्र के गांव पीपला जागीर निवासी उर्दू अख़बार राष्ट्रीय सहारा के पत्रकार मौलाना असरारुल हक की वालिदा हज्जन रईसा बेगम (75) का सोमवार की अपराह्न निधन हो गया। परिजनों के अनुसार हज्जन रईसा बेगम पिछले कुछ दिनों के बीमार चल रही थीं। नूरपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ख़लील अहमद के अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था, जहां उन्होंने अपनी आखिरी सांस ली। उनकी मौत की खबर सुनकर पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। मरहूमा एक नेकदिल व दीनदार खातून थीं। उनकी मौत से परिवार के लोगों में ग़म का माहौल है।



फाइल फोटो

# मंदिर परिसर में पड़े मिले आभूषण महिला को लौटाये

**चांदपुर ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि पर ग्राम स्याऊ निवासी एक दम्पति ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए मंदिर परिसर में पड़े मिले सोने के आभूषण को मंदिर कमेटी को सौंप दिया था। सोमवार को मंदिर कमेटी ने आभूषण को उसके मालिक को सौंप दिया। विगत 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम स्याऊ निवासी सुभाष सिंह अपनी पत्नी सीमा चौहान के साथ ग्राम स्याऊ स्थित बाबा झारखंड शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए गए थे, वहां दम्पति को सोने का मंगलसूत्र पड़ा मिला था। दम्पति ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए मंगलसूत्र को मंदिर कमेटी को सौंप दिया था। मंदिर कमेटी के विजय सिंह एडवोकेट ने उस दिन अनेक बार लाउस्पीकर पर ऐलान किया, लेकिन कोई भी आभूषण लेने नहीं आया। रविवार को विजय सिंह एडवोकेट ने इस सम्बन्ध में सोशल मीडिया पर सूचना दी। सूचना के कई व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल होने पर नगर के मुहल्ला साहुवान निवासी श्रीमती मोना शर्मा पत्नी अरूण शर्मा ने इस आभूषण की पहचान बताते हुए अपना बताया। श्रीमती मोना शर्मा को बाबा झारखंड शिव मंदिर स्याऊ बुलाकर आभूषण उनको सौंप दिया गया। आभूषण को मंदिर कमेटी को सौंपने वाले सुभाष सिंह व उनकी पत्नी सीमा चौहान की सभी ने प्रशंसा की।

# धूमधाम से मनाया महिला दिवस व होली मिलन कार्यक्रम

**चांदपुर ( चिंगारी )।** महिला अग्रवाल सभा चांदपुर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निधि गर्ग को होली क्वीन चुना गया।

कल शाम वैदिक कन्या इंटर कालेज में आस्था की अध्यक्ष श्रीमती नीरु गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सुधा मित्तल, श्रीमती शशि मित्तल द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिवि अग्रवाल ने गणेश वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। डाइटिशियन ईशा अग्रवाल ने हैल्दी डाइट व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण छोटे बच्चों द्वारा नृसिंह अवतार की सुंदर प्रस्तुति रही, जिसमें अनध, अन्य, मेधज, आकर्षक, अवयुक्त व दिशानी के अभिनय को सराहा गया। रूपाली, रेखा व शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने महिला सशक्तिकरण पर अपने ओजस्वी विचार रखे। श्रीमती साधना सिंघल ने महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्ष श्रीमती नीरु गुप्ता द्वारा महिला उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताते हुए उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम में विजय अग्रवाल, मनिका गोयल, रति गर्ग, साधना सिंघल, नेहा अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, वैशाली अग्रवाल, मंजू गोयल, मधुर अग्रवाल, कनक गर्ग आदि मौजूद रहीं। संचालन कल्पना गोयल व मीनू गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



# देहरादून सड़क पर हवा में 'उड़ता' हुआ पलटा ट्रक

## देहरादून में सड़क हादसे का खौफनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**देहरादून ( चिंगारी )।** राजधानी देहरादून में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है। बीते दिन रफ्तार का कहर फिर देखने को मिला। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर तांडव मचाया, जिसे देख रूह कंपा देने वाला वीडियो अब सामने आया है। कोतवाली पटेल नगर क्षेत्र के अंतर्गत मोहब्बेवाला में सोमवार शाम को मार्बल ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती और खुद ट्रक का चालक घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें ट्रक किस तरह अनियंत्रित होकर पलट गया। साथ ही इस क्षेत्र में यह चौथी घटना है, जिसके कारण स्थानीय लोगों में दहशत है। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को सहारनपुर से मार्बल लेकर एक बड़ा ट्रक देहरादून की तरफ आ रहा था। मोहब्बेवाला के पास अचानक ट्रक का आगे वाला एक टायर फट गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर टकराने के बाद सड़क के बीचों बीच पलट गया। इस दौरान स्कूटी सवार एक युवती अंजलि निवासी कमल विहार बंजारा वाला ट्रक की चपेट में आ गई, जबकि हादसे में ट्रक चालक फैजल निवासी जिला अलवर राजस्थान भी घायल हो गया। पुलिस को सूचना मिलने के बाद कोतवाली पटेल नगर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद सड़क पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया, जिस कारण पुलिस को यातायात को डाइवर्ट करना पड़ा और ट्रक को सीधा करने के लिए क्रेन बुलानी पड़ी और करीब 2 घंटे बाद यातायात सुचारू हो पाया। इस क्षेत्र में यह घटना पांच महीने में चौथी है, जिसके कारण स्थानीय लोग दहशत में आ गए हैं।



# गन्ना प्रजाति को लेकर किसान असमंजस में



ग्राम चंदोक में गन्ने की बुआई में जुटे किसान।

**नांगल सोती ( चिंगारी )। गन्ने की बुआई इस समय जोरों पर चल रही है, मगर किसान बुआई के लिये बीज ( प्रजाति ) के चयन को लेकर काफी असमंजस में नजर आ रहे हैं। गन्ना विभाग तथा चीनी मिल के काफी मना करने के बावजूद कुछ किसान रेड रॉट से ग्रसित गन्ना प्रजाति सीओ-0238 की बुआई भी कर रहे हैं।**

दरअसल, गन्ना विभाग और चीनी मिल प्रशासन का कहना है कि गन्ना प्रजाति सीओ-0238 रेड रॉट तथा अन्य रोगों से ग्रसित हो चुकी है, इसलिये किसान इसकी बुआई बिल्कुल भी न करें। यहां उल्लेखनीय है कि इस प्रजाति को विकसित करने वाले गन्ना वैज्ञानिक डा. बक्शीराम यादव भी अब इस प्रजाति की बुआई न करने की अपील कर चुके हैं। उक्त प्रजाति को विकसित करने पर सरकार द्वारा उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर प्रशासन द्वारा उनके सम्मान में समारोह आयोजित किये जाने पर उन्होंने अपने संबोधन के दौरान प्रजाति सीओ-0238 के रोग ग्रस्त हो जाने और इसे छोड़ने की बात कही थी। हालांकि कुछ किसान अभी भी सीओ-0238 की बुआई कर रहे हैं। जिन किसानों के खेत रेड रॉट की चपेट में नहीं आये थे या इसका बहुत कम प्रभाव नजर आया था, वे अभी भी उक्त प्रजाति की बुआई कर रहे हैं। उधर, जिन किसानों के खेत के खेत रेड रॉट से बर्बाद हो गये थे, वे सीओ-0238 को छुआई भी नहीं ले रहे हैं। किसानों में बीज के लिये गन्ना प्रजाति के चयन को लेकर काफी असमंजस देखा जा रहा है। जिस की समझ में जो प्रजाति आ रही है, वो उसी की बुआई कर रहा है। जाने-अनजाने में किसान रिजेक्टेड प्रजाति की बुआई भी कर रहे हैं। गन्ना बीज के लिये किसान इधर-उधर भटक रहे हैं। दूर-दूर से गन्ना बीज लेकर आ रहे हैं।

## सीओ-0238 पूरी तरह रोग ग्रस्त

उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के गन्ना विकास विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चांदवीर सिंह ने बताया कि मिल द्वारा अगेती गन्ना प्रजातियों सीओ-0118, 15023, सीओएस-17231 तथा सामान्य प्रजाति सीओ-17018 के बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उनका कहना है कि गन्ना प्रजाति सीओ-0238 पूरी तरह रोगग्रस्त हो चुकी है, किसान इसकी बुआई बिल्कुल भी न करें।

# यूपी स्टेट शतरंज चैंपियनशिप के लिए जिला ट्रायल 12 मार्च को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में यूपी स्टेट चेस चैंपियनशिप 2026-27 के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन 12 मार्च को इंदिरा बाल भवन स्थित बिजनौर चेस क्लब में किया जाएगा। प्रतियोगिता में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 तथा ओपन वर्ग के बालक और बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जिला चेस एसोसिएशन के सचिव दुष्यंत कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगामी यूपी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी पंजीकरण या अधिक जानकारी के लिए अनुज चौधरी (मो. 7607303017) से संपर्क कर सकते हैं।






सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

शहज़ाद अहमद

जिला महासचिव बिजनौर

( आजाद समाज पार्टी कां. )

पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. ( बिजनौर )

सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर

बीसवां रोज़ा : मंगलवार 10 मार्च

इफ्तार सुन्नी 6:25, शिया 6:35

इक्कीसवां रोज़ा : बुधवार, 11 मार्च

सहरी- सुन्नी 5:08 शिया 5:01



शहजाद अहमद


# अल्लाह, अली के दुश्मन को कभी माफ़ नहीं करेगा - महजबीं परवीन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महजबी गार्डनिंग की ओनर महजबी परवीन पत्नी आसिफ अली ने 19 वें रमजान पर हजरत अली की शाहदत को याद किया। महजबी परवीन ने बताया कि पैगंम्बर-ए-इस्लाम मोहम्मद साहब के दामाद व शिया मुसलमानों के पहले इमाम, सुन्नी मुसलमानों के चौथे खलीफा हजरत अली पर 19 वें रमजान 661 ई. वी. में जब हज़रत अली फजर की नमाज पढ़ रहे थे, तब उनके सर पर एक खारिजी विद्रोही ने तलवार से जानलेवा हमला कर दिया, उनका शरीर खून में डूब गया। माहे रमजान में दामाद-ए-रसूल पर यह सितम हुआ। हजरत अली की शहादत को याद करते हुए महजबी परवीन ने बताया। हजरत अली अपने बचपन से पैगंम्बर मोहम्मद साहब के साथ थे, वह पैगंम्बर मोहम्मद साहब के पीछे नमाज पढ़ने वाले सबसे पहले मुसलमान थे। हजरत अली हमले के बाद दो दिन तक जीवित रहे और 21वें रमजान को शहीद हो गए। उनकी शहादत को याद करते हुए रोजेदारों की आंखों में आंसू आ जाते हैं। महजबी परवीन ने कहा कि हजरत अली हर मुश्किल वक्त में पैगंम्बर मोहम्मद साहब के साथ रहे। कई मैदान-ए-जंग में हजरत अली ने पैगंम्बर मोहम्मद साहब को फतेह दिलाई। पैगंम्बर मोहम्मद साहब ने हजरत अली को शेरे-ए-खुदा का लकब दिया और कहा कि जिसने अली से मोहब्बत की उसने मुझ से मोहब्बत की और जो अली का दुश्मन, वह मेरा दुश्मन, अल्लाह अली के दुश्मन को कभी माफ नहीं करेगा।



# शिवर का पहला दिन साइबर जागरूकता दिवस के रूप में मनाया

**नगीना ( चिंगारी )।** लाला राधे श्याम महिला महाविद्यालय में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर का पहला दिन साइबर जागरूकता दिवस के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी वैशाली गौतम व वंदना ने संयुक्त रूप से साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने बताया कि मोबाइल व्हाट्सएप पर अनजान लिंक पर कभी भी क्लिक न करें तथा ऑटो डाउनलोड बंद रखें। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि सभी प्रकार के यूपीआई लेन-देन में सावधानी बरतें, किसी भी अनजान यूपीआई कांटेक्ट रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें। छात्राओं ने एक रैली निकालकर ग्राम शरिफपुर खोराज व रामपुर दास में ग्रामवासियों को साईबर ठगी से बचाव विषय में जागरूक किया। रैली में भाग लेने वाली विद्यार्थियों में आकांक्षा, कविता, नाजिया, परवीन निशा, सायबा, आकांक्षा, आरजू, जिया, मुस्कान बानो आदि रही।




जागरूकता रैली निकलती राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राएं।

# एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति पर सरकार सख्त, जमाखोरी रोकने के लिए ESMA लागू

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलिंडर की जमाखोरी रोकने और घरेलू गैस संकट को टालने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया है। इस कदम का उद्देश्य घरेलू उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करना और काले बाजारी गतिविधियों पर रोक लगाना है।

सूत्रों के अनुसार, ईएसएमए लागू होने के बाद प्राथमिक सेक्टर्स को एलपीजी और अन्य ईंधन की सप्लाई में विशेष प्रायोरिटी दी जाएगी। इसका मतलब है कि अस्पताल, स्कूल, सरकारी संस्थान और अन्य महत्वपूर्ण सेक्टरों को गैस की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में एलपीजी सिलिंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई थी। ऐसे में ईएसएमए का लागू होना संकट से निपटने और आम जनता को राहत देने का बड़ा कदम है। आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (एस्मा) एक कानून है, जिसे जीवन-निर्वाह से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवाओं की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बनाया



गया है। इसके तहत सार्वजनिक परिवहन, स्वास्थ्य सेवाएं, और अन्य आवश्यक सेवाओं को प्रभावित होने से रोकने के उपाय किए जाते हैं, ताकि आम जनता पर असर न पड़े। सरकार ने घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 'एस्मा' कानून के तहत तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इस कदम का उद्देश्य पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित आपूर्ति बाधाओं से निपटना है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की एलपीजी खपत 3.13 करोड़ टन रही, जिसमें से केवल 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था और शेष की मात्रा आयात पर निर्भर थी। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत का 85-90 प्रतिशत LPG आयात सऊदी अरब और अन्य देशों से करता है, जो अपने मार्ग के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच पिछले 11 दिनों से जारी संघर्ष के कारण यह जलमार्ग बंद हो गया है, जिससे गैस और तेल संकट की आशंका बढ़ गई है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुमैया तहरीम को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मरहूम शहजाद साजिद हुसैन की बेटी सुमैया तहरीम के शिक्षा के क्षेत्र में आला मुकाम हासिल कर नगर व जिले का नाम रोशन करने पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने सुमैया तहरीम को मुबारकबाद देते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। रईस कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस नेता नावेद फरीदी व पूर्व सभासद मौ. सालिम की भतीजी सुमैया तहरीम ने महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपब्लिध हासिल की है। उनका शोध प्रस्ताव राष्ट्रीय स्तर पर स्पार्क 4.0 कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित हुआ है। नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी व महासचिव नदीम फारूकी ने भी सुमैया के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।



सुमैया तहरीम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## कोविड वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर 'सुप्रीम' निर्देश

**केंद्र सरकार को मुआवजा नीति बनाने को कहा**

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** कोविड-19 वैक्सीन से जुड़े गंभीर दुष्प्रभावों के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। अदालत ने आज कहा कि सरकार ऐसी नीति तैयार करे, जिसके तहत कोविड वैक्सीन लेने के बाद अगर किसी व्यक्ति को गंभीर नुकसान होता है तो उसे नो-फॉल्ट मुआवजा दिया जा सके। यह फैसला जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनाया। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए जो मौजूदा व्यवस्था है, वही जारी रहेगी। इसके लिए किसी नए अदालत द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ पैनल की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अगर किसी व्यक्ति को वैक्सीन के कारण नुकसान हुआ है तो वह कानून के तहत उपलब्ध अन्य कानूनी रास्तों का भी इस्तेमाल कर सकता है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि नो-फॉल्ट मुआवजा की नीति बनाना सरकार की गलती या जिम्मेदारी मानने के बराबर नहीं होगा। दरअसल, अदालत में कई याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इनमें एक याचिका में आरोप लगाया गया था कि साल 2021 में कोविशील्ड वैक्सीन की पहली डोज लेने के बाद दो महिलाओं की मौत हो गई थी। याचिका में कहा गया था कि दोनों को टीकाकरण के बाद गंभीर दुष्प्रभाव हुए थे। इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को मुआवजे से जुड़ी नई नीति बनाने का निर्देश दिया है।

## पुलिस ने वांछित युवक को भेजा जेल

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने कई मुकदमें में वांछित रणवीर सिंह पुत्र बुद्ध सिंह निवासी ग्राम मुअज्जमपुर तुलसी गढ़ी को गिरफ्तार कर चालान कर उसे जेल भेज दिया। थाना पुलिस ने बताया कि रणवीर सिंह पर थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 344/2022 धारा-341, 504, 506, मुकदमा अपराध संख्या 180/2025 तथा मुकदमा अपराध संख्या 0418/25 दर्ज है।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद नजीबाबाद ( बिजनौर )**

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147(2)यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अब्दुल हक पुत्र श्री अब्दुल सत्तार मौहल्ला मकबरा तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्रीमती इकरा पत्नी श्री आमिर सुहैल पुत्री सलीम अहमद व श्रीमती सईदा बेगम पत्नी मौ0 सलीम नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अत: प्र भावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:-मौहल्ला मकबरा नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# महिला दिवस पर महिलाओं ने किये सुरकंडा देवी के दर्शन


एक महिला दर्शनार्थी का स्वागत करते हुए समिति अध्यक्ष कुसुम लता।

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** गढ़ महिला उत्थान समिति ऋषिकेश ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृ शक्ति देवी दर्शन यात्रा के अभियान के तहत भट्टोंवाला ग्रामसभा की महिलाओं को पौराणिक सिद्ध पीठ माँ सुरकंडा मन्दिर के दर्शन किये। इससे पूर्व महिलाओं को निःशुल्क यात्रा पर रवाना होने के समय कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने ध्वज दिखाकर किया। यात्रा से पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने महिला यात्रियों को तिलक लगाकर अभिनंदन किया। यात्रा का शुभारंभ करते हुए जयेन्द्र रमोला ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर गढ़ महिला उत्थान समिति ने महिलाओं को धार्मिक यात्रा पर ले जाने का सराहनीय कार्य किया, क्योंकि महिला दिवस का असली उद्देश्य तभी सार्थक जब हम समाज में महिलाओं को मान सम्मान और स्वाभिमान के साथ उनका स्थान दें। समिति की अध्यक्ष कुसुमलता शर्मा व सचिव कृष्णा रमोला ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य उत्तराखण्ड की संस्कृति और परंपराओं के साथ महिलाओं को उत्तराखंड की धरोहर हमारे पौराणिक देवी देवताओं के मन्दिरों के विषय में यात्रा के माध्यम से अवगत कराना है। इस अवसर पर समिति की सदस्य उमा ओबरॉय, ईशा कलूड़ा, भैरव उपासक संजय बिष्ट, नागराजा के उपासक सतीश रावत, कमल सिंह राणा, अतुल चन्द रमोला, दिनेश राणा, वीरपाल राणा, उम्मेद रौथाण, अरूण बिष्ट, धर्मेन्द्र कुमार, महेन्द्र चन्द, मनीष व्यास आदि महिलायें मौजूद रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलायें सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से लगातार पांचवी बार अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस वर्ष यह जयहरीखाल ब्लाक के बांसी-गजवाड़ गांव स्थित श्री गुरूगोरखनाथ मंदिर प्रांगण में मनाया गया।

इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली क्षेत्रीय गांवों की महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ लैंसडौन विधान सभा विधायक दलीप रावत की प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद नीतू रावत व पूर्व प्रधानाचार्य संपत्ति नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात महिलाओं ने दैणा हुयां, खोली का गणेशा.., की प्रस्तुति दी। मंच अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं भी पहाड़ी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए उनका भी सम्मान किया जाना चाहिए। तत्पश्चात क्षेत्र के गांवों की बीस से अधिक महिलाओं को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रकाश कोठारी, शिव प्रकाश कुकरेती, जेपी ध्यानी, आरपी पंत, सोहनलाल द्विवेदी, विनोद घिल्डियाल व गिरीश घिल्डियाल सहित स्थानीय महिलाएं मौजूद रही।

## नलकूप खराब होने से नहीं मिल रहा पानी वार्डवासी तीन दिन से उठा रहे है परेशानी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के शिवपुर स्थित जल संस्थान के नलकूप में खराबी आने से क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप है। हालत यह है कि वार्डवासियों को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों ने नलकूप की मोटर को जल्द ठीक कराकर पेयजल आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है। स्थानीय निवासी विक्रांत सिंह, लाजवंती देवी, मनोहर प्रसाद, रोहित नेगी व मनमोहन सिंह ने बताया कि उनके वार्ड में जल संस्थान के नलकूप से पेयजल की आपूर्ति होती है। लगभग तीन दिन पहले नलकूप की मोटर में खराबी आ जाने से वार्ड में पेयजल की किल्लत बन गई है। स्थिति यह है कि वार्डवासी इधर-उधर से पानी की व्यवस्था कर किसी तरह काम चला रहे हैं। कहा कि गर्मी के सीजन की शुरूआत भी नहीं हुई है और पेयजल समस्या अभी से आरंभ हो गई है। मोटर को शीघ्र ठीक नहीं किया गया तो समस्या और भी गंभीर हो सकती है। इस संबंध में जल संस्थान के जे ई शूरवीर सिंह चौहान ने बताया कि नलकूप की मोटर में खराबी आने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मोटर को ठीक कराया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र में आज मंगलवार से पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी जिन स्थानों पर पानी की ज्यादा दिक्कत है, वहां पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं।

## विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने आवास पर गंगा अनुरक्षण इकाई हरिद्वार की परियोजना निदेशक मीनाक्षी मित्तल के साथ बैठक कर क्षेत्र की महत्वपूर्ण जनसमस्याओं पर चर्चा की। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर गली नंबर 3 एवं भगत सिंह कॉलोनी में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क के कारण स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी का संज्ञान लिया गया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि विकास कार्यों के दौरान आमजन को अनावश्यक असुविधा नहीं होनी चाहिए और कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीवरेज लाइन से संबंधित कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, साथ ही खोदी गई सड़कों को शीघ्र दुरुस्त कर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है और जनहित से जुड़े मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## सड़क निर्माण कार्य का मेयर ने किया निरीक्षण

**कोटद्वार( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में लगभग 50 किलोमीटर सड़कों के निर्माण कार्य प्रस्तावित किये गये हैं। इसी क्रम में नगर निगम महापौर शैलेन्द्र रावत द्वारा स्टेशन रोड, गोविंद नगर, काशीरामपुर मल्ला एवं कौड़िया वार्ड में प्रस्तावित सड़कों के निर्माण कार्यो को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त पी.एल. शाह, पार्षद जयदीप नौटियाल, सुभाष पांडे, कनिष्ठ अभियंता कृष्णपाल व दिनेश सहित क्षेत्रीय जनता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भागवत कथा श्रवण से समाज में धर्म एवं संस्कारों में वृद्धि होती है : रसिक महाराज

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पंजाब सिंध क्षेत्र ऋषिकेश में पंजाब सिंध क्षेत्र प्रबंध समिति द्वारा ब्रह्मलीन 108 स्वामी मंगलनाथ जी महाराज एवं ब्रह्मलीन 108 स्वामी रामकृष्ण जी महाराज की स्मृति में 77वां मंगल महोत्सव 13 मार्च 2026 तक धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा एवं धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में आगमन पर पंजाब सिंध क्षेत्र प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। स्वामी रसिक महाराज ने व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य रमेश उनियाल का माल्यार्पण कर कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और समाज में धर्म एवं संस्कारों की वृद्धि होती है। कार्यक्रम के अंतर्गत आचार्य रमेश उनियाल द्वारा 13 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से 6 बजे तक कथा सुनाई जा रही है। कार्यक्रम के अंत में मंदिर के पुजारी आचार्य वेदप्रकाश शर्मा के पावन सानिध्य में आरती एवं प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

## चारधाम यात्रा को सैर-सपाटा बनाना ही प्राकृतिक आपदाओं का कारण : देवी प्रसाद


वेदाचार्य पंडित देवी प्रसाद भट्ट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रसिद्ध वेदाचार्य पंडित देवी प्रसाद भट्ट ने कहा है कि प्राचीन समय में चारधाम यात्रा को अत्यंत पवित्र और कठिन तपस्या के रूप में माना जाता था, लेकिन आज इसे सैर-सपाटे की यात्रा बना दिया गया है, जो कुदरती आपदाओं का एक बड़ा कारण बन रहा है। उन्होंने बताया कि पहले जब कोई व्यक्ति चारधाम यात्रा पर निकलता था, तो उसे हल्दी और चावल का टीका लगाकर विदा किया जाता था। इसका भाव यह होता था कि यह यात्रा बहुत कठिन है और इसे व्यक्ति की अंतिम यात्रा भी माना जाता था। उस समय लोग पूरी श्रद्धा, संयम और तप के भाव से इस यात्रा पर जाते थे। पंडित भट्ट ने कहा कि आधुनिक समय में इस पवित्र यात्रा को पर्यटन की तरह लिया जाने लगा है। बड़ी संख्या में लोग केवल घूमने-फिरने और मनोरंजन के उद्देश्य से यात्रा कर रहे हैं, जिससे प्रकृति पर दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रकृति के साथ असंतुलन और अति-व्यावसायीकरण के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में कुदरती आपदाओं की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इसलिए आवश्यक है कि चार धाम यात्रा की मूल आध्यात्मिक भावना और मर्यादा को बनाए रखा जाए तथा पर्यावरण और प्रकृति का संतुलन भी ध्यान में रखा जाए।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# ऑस्ट्रेलिया ने पांच ईरानी महिला फुटबॉलरों को शरण दी

कैनबरा (एजेंसी/चिंगारी)। ऑस्ट्रेलिया ने ईरानी महिला फुटबॉल टीम की उन पांच सदस्यों को मानवीय वीजा प्रदान किया है, जिन्होंने एक मैच से पहले राष्ट्रगान गाने से इनकार करने के बाद यहां शरण मांगी थी। ईरान ने इन महिला खिलाड़ियों को युद्धकालीन गद्दार करार दे दिया था। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने कैनबरा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऑस्ट्रेलियाई नागरिक इन बहादुर महिलाओं की स्थिति से बहुत मायूस हैं। उन्होंने कहा कि वे यहाँ सुरक्षित हैं और उन्हें यहाँ अपने घर जैसा महसूस करना चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई गृह मंत्रालय ने इन पांच टीम सदस्यों के नाम कप्तान ज़हरा घंबारी, मिडफील्डर फातेमेह पसंदीदेह, ज़हरा सरबाली अलीशाह, मोना हमौदी और डिफेंडर अतेफेह रमज़ानीज़ादेह बताए हैं।

# अमेरिका ने दी ईरान को और भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी



वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से तेल के जहाजों को रोकने की कोशिश की तो अमेरिका उस पर अब तक की तुलना में बीस गुना अधिक जोरदार हमला करेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर ईरान हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल के जहाजों की आवाजाही रोकने के लिए कुछ भी करता है, तो अमेरिका उस पर अब तक किए गए हमलों के मुकाबले बीस गुना अधिक जोरदार प्रहार करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के उन ठिकानों को निशाना बनाएगा जिन्हें आसानी से नष्ट किया जा सकता है और इससे ईरान का दोबारा खड़ा होना लगभग असंभव हो जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि उन पर मौत, आग और रोष का कहर बरसेगा। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि वह आशा और प्रार्थना करते हैं कि ऐसा न हो।

गौरतलब है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण कारोबारी समुद्री रास्तों में से एक है। इस रास्ते से वैश्विक तेल कारोबार का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। श्री ट्रम्प ने अपनी इस चेतावनी को चीन और उन सभी देशों के लिए अमेरिका की ओर से एक उपहार बताया जो हॉर्मुज जलडमरूमध्य का अत्यधिक उपयोग करते हैं। चीन और अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाएं इस जलमार्ग से भेजे जाने वाले कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं।

## राज्यसभा चुनाव : 26 नेता निर्विरोध निर्वाचित, 11 सीटों पर मुकाबला

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। 10 राज्यों की 37 सीटों के लिए हो रहे राज्यसभा चुनाव में 7 राज्यों के 26 उम्मीदवार बिना मुकाबले (निर्विरोध) के ही निर्वाचित हो गए हैं। इनमें एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। कई राज्यों में विपक्षी दलों ने उम्मीदवार नहीं उतारे, जिसके कारण ये नेता बिना मतदान के ही राज्यसभा पहुंच गए। हालांकि बिहार, ओडिशा और हरियाणा की 11 सीटों पर मुकाबला होना तय है। इन राज्यों में अतिरिक्त उम्मीदवार मैदान में होने के कारण चुनाव कराया जाएगा।



रामदास आठवले


आवश्यकता है प्राचार्य की

गुरु जम्भेश्वर विश्व विद्यालय मुरादाबाद से सम्बद्ध अक्ष इंटरनेशनल कॉलेज, राजा का ताजपुर (बिजनौर) को यूजीसी/विश्वविद्यालय मानदंडो के अनुसार एक योग्य, अनुभवी प्राचार्य की आवश्यकता है। जिसके लिये सात दिन में पत्राचार/ईमेल माध्यम या सीधे सम्पर्क करें। -प्रबंधक

Email- aistajpur@gmail.Com Mob. 9411225805

आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
Hero (हीरो मोटो कॉर्प शोरूम) Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

भारत की दो बहादुर बेटियां "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताएं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाएं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स: Neal Rajput (M.B.B.S), Pranab Rajput (M.B.B.S), Roopali (M.B.B.S), Vanshika Singh (IIT), Avantika Rana (M.B.B.S), Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928